दैनिक
बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 0 | अंक : 12 | संभल, बुधवार 15 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.

आवश्यकता है
मेरठ, हापुड़, बरेली, गाज़ियाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरो में जनपद स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों की आवश्कयकता है।
सम्पर्क सूत्र
मोब.- 8630704122

पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...

पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

एशिया का सबसे लंबा इकोनॉमिक कॉरिडोर

पीएम मोदी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे देश को किया समर्पित

शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में 12,000 करोड़ की लागत वाले दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन किया, जिससे यात्रा का समय घटकर 2.5 घंटे रह जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने इसे उत्तराखंड के विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए डबल इंजन सरकार की सफलता करार दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार 14 अप्रैल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के महत्वपूर्ण दौरे के दौरान देहरादून में एक भव्य समारोह में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इसे विकास के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस ऐतिहासिक मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ उपस्थित रहे। शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के साथ विकास की इस यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। मुझे याद है बाबा केदार के दर्शन के

रोड शो के बाद की डाट काली मंदिर में पूजा

बाद मैंने कहा था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। आज यह सच साबित हो रहा है। डबल इंजन सरकार की नीतियों और यहां के लोगों के परिश्रम से यह युवा राज्य विकास के नए आयाम छू रहा है।' रोड शो के बाद की डाट काली मंदिर में पूजा उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:15 बजे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के ऊंचे खंड पर बने वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक भव्य रोड शो भी किया, जहां उमड़े जनसैलाब ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पीएम देहरादून स्थित डाट काली मंदिर पहुंचे और वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्रोजेक्ट की खासियत करीब 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार यह 213 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर आधुनिक इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता एशिया का सबसे लंबा 12 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर और डाट काली मंदिर के पास बनी 340 मीटर लंबी सुरंग है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी महज 2.5 घंटे में पूरी की जा सकेगी, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियां भी तेज होंगी। देहरादून में उत्सव जैसा माहौल प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे देहरादून शहर में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शहर के मुख्य चौराहों और रास्तों को प्रधानमंत्री मोदी, नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बड़े-बड़े पोस्टरों व झंडों से सजाया गया था।

उत्तर बंगाल में शाह बोले

बंगाल का विभाजन नहीं, संवैधानिक समाधान होगा

पश्चिम बंगाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर बंगाल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बंगाल का विभाजन किए बिना गोरखा समस्या के संवैधानिक समाधान का वादा किया है। उन्होंने क्षेत्र में एम्स, आईआईटी और राजबंशी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने जैसी कई विकास परियोजनाओं का भी आश्वासन दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का समाधान करेगी। अमित शाह ने उत्तरी बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के एजेंट हैं और वह उनकी सहमति से बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में



मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। शाह ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों को आलू की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी ताकि यहां के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, सिंडिकेट राज का खात्मा किया जाएगा और घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। शाह ने पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को भी दोहराया कि उत्तरी बंगाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), 600 बिस्तर के कैंसर अस्पताल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईएमएम) और खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजबंशी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा और दार्जिलिंग में एक पारिस्थितिकी अनुकूल रोमांचक खेल केंद्र की स्थापना की जाएगी।

सार संक्षेप

छत्तीसगढ़ के वेदांता पावर प्लांट में धमाका, छह की मौत

सक्ती : छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में अचानक बॉयलर फटने से हादसा हो गया।हादसे में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार को एक भीषण हादसा हो गया। प्लांट में लगे बॉयलर के अचानक फटने से जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस दर्दनाक घटना में अब तक छह मजदूरों की मौत हो गई है और 12 लोग घायल हैं, जिनका जिंदल अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य लोगों को दूसरे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिंदल अस्पताल में मिली जानकारी घायलों को तत्काल रायगढ़ के जिंदल अस्पताल ले जाया गया है। जहां 18 घायलों को भर्ती किया गया था। जिसमें से छह की मौत हो गई। और 12 घायल लोगों का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, यहां का वेंटीलेटर फुल हो चुका, इसलिए अन्य झुलसे लोगों को अन्य अस्पताल ले जाया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, 7 से 10 लोगों के मरने की आशंका थी और 30 से 40 मजदूरों के झुलसने की खबर मिली थी।

ड्रग ओवरडोज से 2 छात्रों की मौत

मुंबई। गोरेगांव स्थित एनईएसको सेंटर में देर रात हुए एक संगीत कार्यक्रम में कथित तौर पर हुई दुर्घटना के बाद मुंबई पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान 24 वर्षीय महिला और 28 वर्षीय पुरुष के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर मुंबई के एक प्रतिष्ठित एमबीए कॉलेज के छात्र थे। 25 वर्षीय महिला की हालत गंभीर है और पास के अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। माना जा रहा है कि यह घटना 11 अप्रैल को कॉलेज के छात्रों के एक बड़े समूह द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि कुछ लोगों ने नशीले पदार्थों का सेवन किया होगा, संभवतः एमडीएमए, हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इसमें शामिल सटीक पदार्थ की पुष्टि फोरेंसिक विश्लेषण के बाद ही की जाएगी। लगभग आधी रात को कई लोगों को सांस लेने में गंभीर कठिनाई होने लगी। आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और प्रभावित लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

सीएम योगी बोले-

पश्चिम यूपी के लिए गेमचेंजर होगा दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी यूपी के विकास के लिए अहम बताया। नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू इस परियोजना से कनेक्टिविटी सुधरेगी, उद्योग और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंच मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून की दूरी काफी कम समय में पूरी की जा सकेगी। सीएम ने कॉरिडोर के लोकार्पण को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी से होते हुए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करते हुए ह्यडबल इंजनह्ल सरकार की विकास दृष्टि को साकार करती है। कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को मिलेगी नई गति मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कर-कमलों से दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून कॉरिडोर का लोकार्पण होना प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व एनएचएआई के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के बन जाने से सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून तक का सफर तेजी से पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक होगी पहुंच मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर के माध्यम से सहारनपुर के वुडवर्क समेत शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ व बागपत में बनने वाले विभिन्न उत्पादों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। जैसे मेरठ स्पोर्ट्स गुड्स निर्माण का केंद्र है, यह क्षेत्र मेहनती अन्नदाता किसानों का है। सरकार इस क्षेत्र में गन्ना, फल-सब्जी व विभिन्न खाद्यान्न उत्पादन को आगे बढ़ा रही है। अब इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में इन सभी उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने का एक उत्कृष्ट माध्यम प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया भारत विकास, सुशासन और सेवा का जो मॉडल स्थापित कर रहा है, उसे हम इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से भी देख सकते हैं। महापुरुषों के सम्मान में होंगे विशेष कार्य मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर हम सबके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री



पटना। साल 1990 में सक्रिय राजनीति में उतरने वाले सम्राट चौधरी ने अपने करियर की शुरूआत राष्ट्रीय जनता दल से की थी। साल 1999 में बिहार की राबड़ी सरकार में सम्राट चौधरी कृषि मंत्री भी रहे। इसके बाद उनका सियासी सफर राजद से जदयू और फिर भाजपा की तरफ आया। बिहार को बुधवार (15 अप्रैल) को नया मुख्यमंत्री मिलेगा। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और सीएम पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को मंगलवार को नेता चुना गया। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इस बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। कुशवाहा जाति से ताल्लुक रखने वाले सम्राट चौधरी दिग्गज नेता शकुनी चौधरी के बेटे हैं। कौन हैं सम्राट चौधरी? 16 नवंबर, 1968 में जन्मे सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। सम्राट के पिता शकुनी चौधरी अलग-अलग पार्टियों से कई बार विधायक, सांसद और मंत्री रहे हैं। समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शकुनी चौधरी भी एक हैं। बिहार में कुशवाहा समाज के बड़े नेताओं में शकुनी चौधरी शुमार किए जाते हैं। अब सम्राट चौधरी अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

'2030 तक का इंतजाम कर, जा रहा हूं'- नीतीश कुमार

पटना : नीतीश कुमार ने जाते-जाते बता दिया कि वह 2030 तक भले न रहे, लेकिन 2025 से 2030 तक के लिए विकास की रूपरेखा पर काम शुरू करा चुके हैं। जाते-जाते क्या दिया संदेश, पूरा पढ़िए यहां। 20 साल तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। इस्तीफा के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया।उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी वर्गों का विकास किया है, चाहे हिंदू हों, मुस्लिम हों, उच्च वर्ग हो, पिछड़ा वर्ग हो, अति पिछड़ा वर्ग हो, दलित हों या महादलित सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में कार्य हुआ है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए ह्यसात निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नमन है।

'जाति से ऊपर उठें, अमीर-गरीब की खाई मिटे, तभी बनेगा समरस भारत'; राष्ट्रपति मुर्मू की अपील



अहमदाबाद : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात में सामाजिक समरसता महोत्सव में जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर 'अमीर और गरीब' के बीच की खाई को पाटने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और गांवों के विकास पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को लोगों से जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर एक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अब 'अमीर और गरीब' के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गुजरात के गांधीनगर में 'सामाजिक समरसता महोत्सव' को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जाति व्यवस्था अतीत की बात है और लोगों को अब एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा 'जिन्होंने जाति व्यवस्था बनाई, वे अब नहीं रहे। हमें मिलकर आगे बढ़ना चाहिए और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना चाहिए। एक तरह से, अब केवल दो ही जातियां हैं - 'हैव्स' (अमीर) और 'हैव-नॉट्स' (गरीब)।' उन्होंने पिछड़ों के उत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। 'एकजुट खड़े रहना सामाजिक सद्भाव की सच्ची अभिव्यक्ति' राष्ट्रपति ने एकता का आह्वान करते हुए कहा किसी को भी केवल अपने हित के बारे में नहीं सोचना चाहिए। हम सब एक हैं। हम भाई-बहन हैं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि देश की परंपराएं करुणा, समानता, आपसी कल्याण और सद्भाव में निहित हैं। उन्होंने कहा, ₹सभी विभाजनों से ऊपर उठकर और बिना किसी भेदभाव के एकजुट खड़े रहना सामाजिक सद्भाव की सच्ची अभिव्यक्ति है। 'गांव समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगा' राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के विकास और सामाजिक ताने-बाने में गांव केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा राष्ट्र की आत्मा उसके गांवों में बसती है। एक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण का मार्ग गांवों से होकर गुजरता है। विविधता के बावजूद, गांवों में लोगों के बीच स्नेह, गर्मजोशी और आपसी समझ है और यह भारतीय संस्कृति की सच्ची भावना को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यदि गांव समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगा। शिक्षा व्यक्तिगत और राष्ट्रीय विकास दोनों की नींव- राष्ट्रपति डॉ. बी.आर. अंबेडकर का स्मरण करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उनका सद्भाव का संदेश स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित था।

बाबा साहेब का संविधान सही से लागू होता तो देश आज विकसित हो चुका होता: मायावती

लखनऊ (संवाददाता)। आंबेडकर जयंती पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा बाबा साहेब के संविधान को लागू करने में सत्ताधारी पार्टियां पूरी तरह नाकाम रहीं, वरना देश आज स्वावलंबी और विकसित बन चुका होता। मायावती ने लखनऊ स्थित आवास पर मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा, बहुजन समाज के मसीहा डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। पूरी मिशनरी भावना से बीएसपी कार्यकर्ता पूरे देश में उन्हें



श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मायावती ने आगे कहा, बाबा साहेब का पूरा जीवन गरीबों, शोषितों, उपेक्षितों और जातिवाद व सामंतवाद से पीड़ित महिलाओं के उत्थान के लिए संघर्ष में बीता। उन्होंने संविधान बनाकर बहुजन समाज को सुरक्षा और सम्मान दिलाया, जिसके लिए देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। मायावती ने कहा, काश! केंद्र व राज्यों की सत्ताएं बाबा साहेब के अति-मानवतावादी और बहुजन कल्याणकारी संविधान को सही ढंग से लागू कर पातीं, तो भारत आज करोड़ों बहुजनों की गरीबी, बेरोजगारी, जातिवादी द्वेष और शोषण से मुक्त हो चुका होता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए अब बाबा साहेब का सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति का कारवां चुनावी सफलता हासिल कर अपनी मंजिल की ओर बढ़ेगा।

श्रमिकों के समर्थन में उतरे राहुल, बोले- यही है विकसित भारत का सच

नई दिल्ली : उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन दूसरे दिन भी कई जगहों पर जारी रहे। कुछ जगहों पर पत्थरबाजी की घटनाएं भी सामने आई थीं। हालांकि, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया। अब इन विरोध-प्रदर्शनों पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सामने आई हैं। उन्होंने इस मामले को लेकर मोदी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारियों के हिंसक प्रदर्शन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने इसे श्रमिकों पर अत्याचार बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कल नोएडा की सड़कों पर जो



हुआ, वो इस देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी - जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया।" कांग्रेस सांसद ने कहा, "नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 महीने की तनख्वाह,4,000-7,000 किराया। जब तक 300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक ?500 सालाना किराया बढ़ा देता है। तनख्वाह बढ़ने तक ये बेलगाम महंगाई जिंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज की गहराई में डुबा देती है - यही है विकसित भारत का सच।" पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट का किया जिक्र लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने प्रदर्शन कर रही एक महिला कर्मचारी के बयान का भी जिक्र किया।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल

सम्पादकीय

संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

मैदानों से दूर होता बचपन...

बालपन की सच्ची सुंदरता सिर्फ खेलों या मस्ती के पलों में नहीं है.., बल्कि उन क्षणों में है.., जब बच्चे अपने जीवन के महत्वपूर्ण पाठ सीखते हैं... वे खेल, दोस्ती, प्रतिस्पर्धा और सामूहिकता के माध्यम से अपना व्यक्तित्व गढ़ते हैं और यही उन्हें जीवन के संघर्षों से निपटने के लिए तैयार करता है... आज जब तकनीकी दुनिया बच्चों को एकाकी बनाने की चुनौती सामने रख रही है.., जब तमाम बच्चे इस आभासी दुनिया में खोये लगते हैं तो सवाल सही है कि क्या हम उस पुरानी खुशबू उस मिट्टी की महक, उस गिल्ली-डंडे और कंचे के खेल को फिर से लौटा सकते हैं..? क्या हम उस गली-मोहल्ले को फिर से जीवित कर सकते हैं.., जहां बच्चों की हंसी और दौड़-भाग से सजीव था हर एक कोना..? अब वह मैदानों की माटी से कटकर स्क्रीन की चमक में उलझता जा रहा है... एक देश का भविष्य बच्चों में छुपा होता है और जब वे अपनी मिट्टी से जुड़कर खेलते हैं.., जब वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं तो न केवल उनका.., बल्कि पूरे समाज का भविष्य उज्ज्वल होता है... यही वह आधार है.., जिस पर भारत का समृद्ध और समावेशी समाज खड़ा होगा... यह सामूहिक और साझा जिम्मेदारी है सरकार, समाज और परिवार की... बच्चों को एक ऐसा संतुलित और समृद्ध बचपन दें.., जहां वे तकनीक के साथ-साथ जीवन के वास्तविक पाठ भी सीखें... यदि हम इस संतुलन को साध पाए तो हम न केवल एक स्वस्थ और सशक्त पीढ़ी तैयार करेंगे.., बल्कि हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे.., जो अपने मूल्यों, अपनी पहचान और अपनी शक्ति को समझने वाला हो... आज के बच्चों का बचपन एक विचित्र दौर और द्वंद्व से गुजर रहा है... एक ओर डिजिटल तकनीक ने बच्चों के सामने ज्ञान, वैश्विक संपर्क और रचनात्मकता के नए क्षितिज खोले हैं.., वहीं दूसरी ओर यह तकनीक उनके विकास के नैसर्गिक आयामों को क्षीण करती प्रतीत हो रही है... यह परिवर्तन केवल दृश्य स्तर पर नहीं.., बल्कि सामाजिक, मानसिक और शारीरिक रूप से भी गहरे असर डाल रहा है... कुछ दशक पहले तक बच्चों की दिनचर्या मे मोहल्लों की गलियों में भागदौड़ और खेल के मैदानों की एक खास जगह होती थी... गिल्ली-डंडा, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, दौड़, लुका-छिपी और कंचे जैसे खेल केवल मनोरंजन नहीं थे.., बल्कि वे जीवन के प्राथमिक विद्यालय समान थे... कंचों की पंक्तियां बनाकर निशाना साधना हो या गिल्ली को हवा में मारना... यह केवल खेल नहीं.., बल्कि एकाग्रता, धैर्य और संतुलन का अभ्यास था... इन खेलों के माध्यम से बच्चे सामूहिकता, नेतृत्व, सहयोग और सहानुभूति जैसे गुणों को स्वाभाविक रूप से आत्मसात करते थे... मिट्टी से जुड़ाव और शारीरिक सक्रियता उनके मानसिक संतुलन और सामाजिक विकास के लिए आधारशिला का काम करते थे... लेकिन 1990 के दशक के बाद भारत में इंटरनेट और मोबाइल तकनीक का जिस तीव्र गति से प्रसार हुआ.., उसने बच्चों की दिनचर्या, प्राथमिकताएं और सामाजिकता को ही बदल दिया... आज के बच्चे मैदानों से कटकर स्क्रीन तक सीमित हो गए हैं... क्रिकेट का बल्ला अब हाथ में नहीं, उंगुलयों की टैप में बदल गया है... दोस्तों के साथ दौड़ने-खेलने की जगह अब वीडियो गेम के आभासी पात्रों ने ले ली है... विद्यालयों में पारंपरिक खेलों को पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बनाना.., खेल मैदानों का पुनरुद्धार और अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के स्क्रीन समय का विवेकपूर्ण नियंत्रण- ये कुछ ऐसे ठोस कदम हैं जो बच्चों को दोबारा संतुलित और सक्रिय बचपन की ओर ले जा सकते हैं... साथ ही, शिक्षा में भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सामाजिक संवाद कौशल को स्थान देना भी समय की आवश्यकता बन चुका है...

दो युग - एक दृष्टि

आंबेडकर जयंती आज



शिवप्रकाश



देश भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकरजी की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे। 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि 'आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।' जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकरजी एवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है। केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है। इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि-मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्द्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' जैसे अनेक वेदमंत्रों में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदि ने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं। स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिस समय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयीअधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था।

डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, 'किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।' 1927 में तथाकथित अस्पृश्य समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों ने मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।' बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांतिबाई दाणी, गीताबाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है।

विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हिंदू कोड बिल जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार, बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलना जिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबा साहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरजोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि 'राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव- पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'नारी तू नारायणी' के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है।

मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुंचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है। नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्त बनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी।

भारतरत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आव्हान अनुसार 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री एवं विचारक हैं)

जयंती पर विशेष

कांग्रेस ने बाबा साहब को हमेशा हाशिए पर रखा



धर्मेन्द्र सिंह लोधी

श्रीमद्भगवगीता में कहा गया है- **यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥** अर्थात् जिस तरह का आचरण महापुरुष करते हैं, सामान्य व्यक्ति उसी का अनुसरण करता है। महापुरुष अपने अनुसरणीय कार्यों से जो आदर्श प्रस्तुत करता है, संपूर्ण विश्व उसका अनुसरण करता है।

भारतवर्ष ऐसे अनेकानेक महामानवों की जन्मस्थली है, जिन्होंने हर युग और हर काल में समाज का समुचित मार्गदर्शन किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और गीता उद्बोधक श्रीकृष्ण से लेकर महात्मा गांधी और बाबा साहब आंबेडकर तक न जाने कितने महामानवों ने भारतीय समाज की रचना में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। आधुनिक भारत में बाबा साहब आंबेडकर एक ऐसे महामानव हैं, जिन्होंने बुराइयों और कुरीतियों में फंसे भारतवर्ष के हिंदू समाज के उत्थान और पुनर्जागरण के लिए अनेकानेक सार्थक प्रयास किए हैं। उन्होंने ऊंच-नीच, अस्पृश्यता और समाज में व्याप्त जातिगत असामनता को समाप्त कर सामाजिक समता स्थापित करने के लिए जीवनपर्यंत प्रयत्न किए।

बाबा साहब कहते थे, 'समाज में जन्में प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के गुणों के आधार पर उन्नति करने का अधिकार है और यदि कोई सामाजिक व्यवस्था इस अधिकार से उसे वंचित करती है तो वह सामाजिक व्यवस्था समाप्त कर दी जानी चाहिए। 'डॉ.आंबेडकर आधुनिक भारत के एक महान् मानवतावादी चिंतक, दार्शनिक, राष्ट्रवादी और प्रखर राजनीतिज्ञ थे। वे न केवल विश्व के विशालतम लोकतंत्र के संविधान निर्माता हैं, बल्कि उन्हें आधुनिक भारत में सामाजिक समानता का पुरोधा भी माना जा सकता है।

बाबा साहब आंबेडकर एक सार्वभौमिक समाज सुधारक, राजनेता और दार्शनिक थे। उनका व्यक्तित्व और उनके आदर्श संपूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय हैं। बाबा साहब भारतीय समाज में सामाजिक और जातिगत अंतर्विरोधों से परे, एक महान् व्यक्तित्व हैं, किंतु वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में बाबा साहब को केवल दलितों के मसीहा के रूप में ही देखा जाता है। यह दृष्टिकोण बाबा साहब के विराट् व्यक्तित्व को संकुचित करने जैसा है। बाबा साहब एक युगपुरुष हैं, वे किसी वर्ग विशेष के स्वत्वाधिकार से परे, संपूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय और पूज्यनीय हैं।

जिस समय बाबा साहब का जन्म हुआ था, उस समय हमारा भारतीय समाज न केवल पराधीनता की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, बल्कि अनेक सामाजिक एवं आर्थिक रूढ़ियों के बंधन से भी छटपटा रहा था। सामाजिक और आर्थिक अन्याय से समाज विघटित हो रहा था। उस समय संकटग्रस्त समाज में बाबा साहब ने न केवल भारत की स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन में अपना सक्रिय योगदान दिया, अपितु देश में सामाजिक अन्याय को खत्म करने तथा सामाजिक समरसता के लिए भी निरंतर संघर्षशील रहे। बाद में सामाजिक असमानता के प्रति उनकी चिंता और दार्शनिक चिंतन को संवैधानिक प्रावधानों के रूप में संपूर्ण भारतवर्ष ने स्वीकार किया। बाबा साहब संपूर्ण भारतवर्ष के लिए आदर्श हैं, संपूर्ण भारत की उनमें अगाध श्रद्धा है। लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आजादी के पहले और आजादी के बाद भी बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्र पटल पर वह स्थान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। कांग्रेस पार्टी हमेशा उनकी उपेक्षा करती रही।

कांग्रेस ने षड्यंत्र करके आंबेडकर को महाराष्ट्र से संविधान सभा में नहीं पहुंचने दिया। तब बंगाल के नामशूद्र दलित नेता जोगेंद्र नाथ मंडल के प्रयासों से आंबेडकर बंगाल से संविधान सभा के लिए चुने गए। लेकिन कांग्रेस ने एक बार फिर षड्यंत्र करके उन क्षेत्रों को जहां से आंबेडकर जीते थे, मुस्लिम बहुल न होने के बावजूद भी पाकिस्तान में सम्मिलित करने की अनुमति दे दी, जिससे बाबा साहेब एक बार फिर संविधान सभा से बाहर हो गए। बाद में हिन्दू महासभा के नेता एम. आर. जयकर ने पुणे से अपनी सीट से इस्तीफा दिया ताकि आंबेडकर को विधानसभा के लिए चुना जा सके। तब जाकर बाबा साहब का संविधान सभा में प्रवेश हुआ। और भारत के महान संविधान की रचना संभव हो सकी। आजादी के बाद भी कांग्रेस चुनाव में लगातार बाबा साहब को हराने का षड्यंत्र करती रही। पं. नेहरू द्वारा एडविना माउंटबेटन को लिखे एक पत्र में 1952 के चुनाव में



डॉ. आंबेडकर को हराने की आवश्याकता का उल्लेनख किया था, जो कांग्रेस द्वारा उनके प्रति अपनाए गए विरोध के भाव को दर्शाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि नेहरूजी प्रारंभ में भारतीय संविधान के निर्माण हेतु ब्रिटिश संवैधानिक विशेषज्ञ आइवर जेनिंग्सन को नियुक्त करना चाहते थे। किंतु अंततः यह कार्य डॉ. आंबेडकर को सौंपा गया और उन्होंने विश्व के सबसे विशाल और सर्वश्रेष्ठ संविधान की रचना की। कांग्रेस के मन में आंबेडकर के प्रति हमेशा ही द्वेष की भावना और कड़वाहट बनी रही। 6 दिसम्बर 1956 को उनके देवलोकगमन के बाद नेहरू सरकार ने दिल्ली उनके अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी और उनके परिवार को मुम्बई जाने के लिए मजबूर किया गया। यहां तक की उनके पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए कोई शासकीय प्रबंध नहीं किया गया और विमान का बिल भी बाबा साहब की शोकाकुल पत्नी को भेजा गया है। उनकी मृत्यु के बाद न तो उनके नाम पर कोई स्मारक बनाया गया और न हीं उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। उनके मृत्यु के 34 वर्ष बाद जब देश में गैर कांग्रेसी सरकार बनी तब भारतीय जनता पार्टी के प्रयासों से बाबा साहब को मरणोपरांत 'भारतरत्न' से सम्मानित किया गया और इस दौरान श्री अटलबिहारी वाजपेयी के प्रयासों से संसद भवन में डॉ. आंबेडकर का चित्र स्थापित किया गया।

वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद डॉ. आंबेडकर की स्मृति में एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया। वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार आंबेडकर जयंती आयोजन किया और 2018 में उनकी स्मृति में दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन किया गया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों- महू, मध्यप्रदेश (जन्मभूमि), लंदन (शिक्षाभूमि), नागपुर (दीक्षाभूमि), दिल्ली (महापरिनिर्वाण भूमि) और मुम्बई (चैतन्यभूमि) को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर बाबा साहब के देश के लिए योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। माननीय नरेन्द्र मोदीजी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहते कहते हैं कि 'पूज्य बाबा साहब संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक न्याय के योद्धा भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़ों और वंचितों को समर्पित कर दिया।' ऐसे महान व्यक्तित्व, युगपुरुष और राष्ट्र दृष्टात को कांग्रेस ने हमेशा हाशिए पर रखा और नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब के महान व्यक्तित्व, देश के लिए किए गए उनके योगदान और आदर्शों को न केवल जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ सर्वोच्च शिखर पर प्रतिष्ठित करने का काम कर रही है। बाबा साहब आंबेडकर एक महान् चिंतक, समाज सुधारक एवं शिक्षाविद् थे। वे कहते थे, 'अगर मरने के बाद भी जीना चाहते हो तो एक काम जरूर करना, पढ़ने लायक कुछ लिख जाना या लिखने लायक कुछ कर जाना। 'आज की युवा पीढ़ी के लिए बाबा साहब का जीवन एक पथ-प्रदर्शक की तरह है। उनका मानना था कि- 'सफलता कभी भी पक्की नहीं होती है और असफलता कभी भी अंतिम नहीं होती है। इसलिए अपनी कोशिश को तब तक जारी रखो, जब तक आपकी जीत इतिहास न बन जाए। 'वे कहते थे- 'इस दुनिया में गरीब वही है, जो शिक्षित नहीं है। इसलिए आधी रोटी खा लेना, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाना।' बाबा साहब के आदर्शों के अनुरूप माननीय नरेन्द्र मोदीजी समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और समुचित कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। बाबा साहब के चिंतन में अंतर्विरोधों के लिए कोई स्थान नहीं था। उनके आदर्शों, मूल्यों और सामाजिक संघर्ष को समझने के लिए भारतवर्ष की ऐतिहासिक और समकालीन सामाजिक व्यवस्था, स्थिति और कारणों को समझना आवश्यक है।

बाबा साहब एक महान् युगपुरुष हैं, वे केवल संपूर्ण भारतवर्ष में ही पूज्यनीय नहीं हैं, अपितु विश्वभर में सम्माननीय हैं। उनके विचार, उनकी शिक्षाएं एवं उनके आदर्श सदैव संपूर्ण मानव जाति के लिए अनुकरणीय रहेंगे। कदाचित् बाबा साहब ने जीवन की प्रासंगिकता को शून्य में देखने का प्रयास नहीं किया, अपितु उसे कर्म के सार्थक सिद्धांत के अधीन माना। शायद इसलिए बाबा साहब कहते हैं- 'जीवन बड़ा नहीं, महान् होना चाहिए।'

(लेखक मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं)

विशेष

बाबा साहब का विचार, नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और विकसित भारत का संकल्प



लाल सिंह आर्य

संविधान शिल्पी भारतरत्न श्रद्धेय बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकरजी की 136 वीं जयंती केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का उत्सव है। यह वह दिन है, जब हम उस महापुरुष को स्मरण करते हैं, जिन्होंने सदियों की सामाजिक विषमता को चुनौती दी और एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां न्याय, समानता और गरिमा प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार हो। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है–एक ऐसा जीवन, जिसने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा और आत्मसम्मान की मशाल को कभी बुझने नहीं दिया।

डॉ. आंबेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक बड़े अर्थशास्त्री, श्रेष्ठ विधिवेत्ता, महान समाज सुधारक और दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता थे। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से समझा था कि यदि भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाना है, तो केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी, इसके साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक न्याय भी सुनिश्चित करना होगा। यही कारण है कि उन्होंने संविधान में ऐसे प्रावधानों को शामिल किया, जो समाज के अंतिम व्यक्ति को भी समान अवसर और अधिकार प्रदान करते हैं। उनकी दूरदर्शिता का एक और महत्वपूर्ण पहलू था–मजबूत संस्थाओं का निर्माण। बाबा साहेब का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की स्थिरता और प्रगति उसकी संस्थागत संरचना पर निर्भर करती है। वित्त आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, रोजगार कार्यालयों और श्रम नीतियों की जो बुनियाद उन्होंने रखी, वह आज भी भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। उनकी सोच केवल वर्तमान तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार किया।

इतना ही नहीं, बहुत कम लोग जानते हैं कि डॉ. आंबेडकर की डॉक्टरेट थीसिस ने भारत में वित्त आयोग की स्थापना की नींव रखी और उनके विचारों ने 1934 के



आरबीआई अधिनियम के निर्माण को दिशा दी। उन्होंने राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध और सोन नदी परियोजना जैसे बड़े बुनियादी ढांचों के विकास को प्राथमिकता दी, यह योजनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि वे केवल सामाजिक न्याय के ही नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और राष्ट्र निर्माण के भी अग्रदूत थे। आज जब भारत बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है, तब यह स्पष्ट होता है कि हम उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं, जिसकी दिशा बाबा साहेब ने दशकों पहले तय की थी। बाबा साहेब का सबसे बड़ा सपना था–एक ऐसा भारत जहां कोई भी व्यक्ति जाति, वर्ग, लिंग या जन्म के आधार पर भेदभाव का शिकार न हो। उन्होंने सामाजिक न्याय को केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन और समाज का मूल सिद्धांत बनाने का प्रयास किया। उनका मानना था कि राजनीतिक स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब सामाजिक और आर्थिक समानता भी सुनिश्चित हो। बाबा साहेब का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। उनका संघर्ष केवल अधिकारों के लिए नहीं था, बल्कि आत्मसम्मान के लिए था। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम माना और दलितों तथा वंचितों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उनका यह विश्वास था कि जब तक व्यक्ति शिक्षित नहीं होगा, तब तक वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो सकता।

आज जब हम वर्तमान भारत की ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसकी परिकल्पना बाबा साहेब ने की थी। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली का आधार बन चुका है। अंत्योदय की भावना के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मोदी सरकार ने आर्थिक समावेशन के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे बाबा साहेब के आर्थिक चिंतन का जीवंत उदाहरण हैं। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए, आधार और मोबाइल के साथ जोड़कर उन्हें सीधे लाभ पहुंचाया गया। डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूपीआई और भीम एप ने आम नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और शोषण और भ्रष्टाचार से बचाया है। यह सब उस सोच का विस्तार है, जिसमें बाबा साहेब आर्थिक सशक्तिकरण को सामाजिक मुक्ति का आधार मानते थे। इसके साथ ही, आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो व्यापक परिवर्तन हुए हैं, वे भी उल्लेखनीय हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति, भारतमाला, सागरमाला और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी योजनाएं देश को नई गति प्रदान कर रही हैं। यह सब केवल विकास परियोजनाएं नहीं, बल्कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं, जो बाबा साहेब के आर्थिक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। जहां आज का भारत बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

(लेखक अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक ''**गिलेडविन मसीह**'' के लिए ''**बुलंद मंज़िल**'' हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
जनपद अमरोहा
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास से उत्सव के रूप में मनाई गई

दैनिक बुलंद मंज़िल /असलम सैफी जिला प्रभारी अमरोहा। जनपद में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर विकास भवन और सभी तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित कर बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पूरे वातावरण में सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के मूल्यों को अपनाने का संदेश गूंजता रहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब के सिद्धांतों को केवल जयंती तक सीमित न रखकर उन्हें अपने दैनिक जीवन और कार्यशैली में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का मूल संदेश समानता है—चाहे वह अवसरों की हो, न्याय की हो या सामाजिक सम्मान की। किसी भी व्यक्ति को जाति, वर्ग या क्षेत्र के आधार पर ऊंचा-नीचा नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यों में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखें तथा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सच्चा प्रशासन वही है, जो जरूरतमंदों तक न्याय और योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महिलाओं के अधिकारों पर



कलेक्ट्रेट में आंबेडकर जयंती पर डीएम ने किया माल्यार्पण

विशेष जोर देते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं को संपत्ति, शिक्षा और सामाजिक सम्मान दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए इन अधिकारों को जमीनी स्तर पर लागू करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे, जिन्होंने समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए एक समावेशी संविधान का निर्माण किया। उन्होंने बताया कि बाबासाहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्हीं संघर्षों ने उन्हें समाज की वास्तविकताओं को समझने की दृष्टि दी। अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा और समानता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इन मूल्यों को अपनाएं। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर मसीहा नजम और शशिभूषण पाठक ने भी बाबासाहेब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष कर आगे बढ़ने की सीख देता है। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी मो. दानिश, प्रशासनिक अधिकारी उपेंद्रनाथ त्रिवेदी सहित कलेक्ट्रेट परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। जनपद के विभिन्न कार्यालयों और तहसीलों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर बाबासाहेब को श्रद्धांजलि दी गई और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

भीमराव आंबेडकर जयंती पर साथलपुर में गूंजा जय भीम, उत्सव में उमड़ा जनसैलाब



दैनिक बुलंद मंज़िल ढबारसी ब्यूरो। मंगलवार को 135वीं जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत साथलपुर की बीच वाली मंडिया स्थित आंबेडकर पार्क में भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जहां उपस्थित जनसमूह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों और युवाओं ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम स्थल पर ह्यजय भीमह्व के नारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे पूरा वातावरण जोश और सामाजिक एकता के रंग में रंग गया। समारोह में मुख्य रूप से संजय सागर, इंद्रजीत सिंह, अंकित सागर, दिनेश यादव, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह, टीटू सागर, भुकदेव, डॉ. शिवम, डॉ. हिमांशु, डॉ. ब्रह्मपाल, कुलदीप सम्राट, जितेंद्र और गुड्डू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अपने संबोधन में बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता व भाईचारे को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर बाबा साहब की जयंती को उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान गांववासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह कार्यक्रम न सिर्फ श्रद्धांजलि का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक एकजुटता और जागरूकता का भी संदेश दे गया।

संविधान की ताकत का जश्न : हसनपुर में गूंजे बाबा साहब के विचार

शिक्षा, समानता और अधिकारों का संदेश लेकर निकली भव्य शोभायात्रा

दैनिक बुलंद मंज़िल हसनपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर हसनपुर नगर के रहरा अड्डे पर मंगलवार को संविधान और सामाजिक न्याय के संदेश के साथ भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। ह्यडॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समितिह्व के बैनर तले हुए इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को





आज भी प्रासंगिक बताते हुए शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताया। विधायक ने कहा कि ह्यशिक्षा शेरनी का दूध हैह्व, जिसे अपनाकर ही समाज आगे बढ़ सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बाबा साहब को संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के सशक्त रक्षक के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय को जो समानता का अधिकार मिला है, वह बाबा साहब के संघर्षों की ही देन है। इस मौके पर निकली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बाबा साहब द्वारा संविधान लेखन, रमाबाई के साथ उनकी झांकी, गौतम बुद्ध, संत रविदास, रानी लक्ष्मीबाई और भारत माता की झांकियों ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। बैंड-बाजों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

गजरौला पुलिस का एक्शन : नाबालिगों से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंज़िल गजरौला। मासूम बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, विरोध पर दी थी जान से मारने की धमकी थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़ और परिवार को धमकाने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व



गजरौला पुलिस की गिरफ्त में छेड़छाड़ का आरोपी तसब्बुर

में गजरौला पुलिस ने आरोपी तसब्बुर पुत्र मसबुर निवासी ग्राम शाहपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र करीब 27 वर्ष बताई जा रही है। मामला सोमवार का है, जब थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाना गजरौला में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तसब्बुर ने उसकी दो नाबालिग बेटियों, जिनकी उम्र 13 और 9 वर्ष है, के साथ छेड़छाड़ की। परिजनों द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं सहित पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

चेकिंग के दौरान तमंचा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंज़िल डिडौली। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डिडौली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में थाना डिडौली पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह बालियान के नेतृत्व में सोमवार की रात्रि में शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग, वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की तलाश के दौरान पुलिस टीम सक्रिय थी। चेकिंग



के दौरान ग्राम सिवौरा रोड पर स्थित मूढाइम्मा तिराहे के पास करीब 22:40 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ एवं तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध 12 बोर तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्ण उर्फ किशन पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम व थाना डिडौली जनपद अमरोहा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर थाना डिडौली में उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 0139/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

डीआईजी के आदेश पर लूटपाट व तोड़फोड़ प्रकरण में मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

दैनिक बुलंद मंज़िल नौगांवा सादात। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद पुलिस ने डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के बाद हुए कथित हमले, लूटपाट और जान से मारने की धमकियों का है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके रिश्तेदार अमरोहा निवासी की 22 बर्षीय पुत्री उसके पुत्र के साथ अपनी मर्जी से चली गई थी। इस मामले में पहले युवती के पिता द्वारा थाना अमरोहा देहात में रोहिल और उसके परिजनों के



खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। हालांकि, बाद में अदालत में युवती ने बयान देकर स्पष्ट किया कि वह रोहिल के साथ स्वेच्छा से गई थी और इस मामले में भारत सिंह व उसके परिवार को निर्दोष बताया गया था। अदालत ने भी युवती को उसकी इच्छा के अनुसार रोहिल के साथ भेज दिया था। इसके बावजूद, भारत सिंह का आरोप है कि युवती के परिजन इस फैसले से संतुष्ट नहीं थे और लगातार उन पर लड़की को भगाने में सहयोग करने का संदेह जताते हुए धमकियां दे रहे थे। प्रार्थी का कहना है कि वह और उसका परिवार भय के कारण गांव छोड़कर इधर-उधर छिपने को मजबूर हैं। घटना के संबंध में भारत सिंह ने बताया कि 3 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 1:30 से 2 बजे के बीच युवती के परिजन और उनके साथ आए करीब 8-10 अन्य लोगों ने उसके घर पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों में अशोक, अरुण, गोलू, नितिन, राजेंद्र, रीना, अंजू, राकेश, आकाश, रानी, बब्लू, अजय सहित अन्य लोग शामिल थे। सभी लोग कथित रूप से असलाहों से लैस थे। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। घर का मुख्य दरवाजा, लेट्रिन-बाथरूम, खाट, चूल्हा, चारदीवारी, फ्रिज और बिजली का मीटर तक तोड़ दिया गया। इतना ही नहीं, घर में रखी अलमारी तोड़कर बहुओं के सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, कपड़े, जमीन के बैनामे सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज और करीब 33 हजार रुपये नकद लूट लिए गए। जाते समय हमलावरों ने छत की टीन भी उखाड़ दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने गांव वालों के सामने खुलेआम धमकी दी कि जो भी भारत सिंह का साथ देगा, उसे गोली मार दी जाएगी और पूरे परिवार का खात्मा कर दिया जाएगा। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है और गांव लौटने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र के निर्देश पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नाम पूछने के बहाने छेड़छाड़, विरोध पर जान से मारने की धमकी

दैनिक बुलंद मंज़िल अमरोहा। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली अमरोहा नगर में दी गई शिकायत में बताया कि सोमवार की शाम करीब 8 बजे वह अपने मोहल्ले में स्थित दुबई अबाया बुर्का की दुकान के पास से गुजर रही थीं। तभी किला वाली गली निवासी एक



युवक शाहरुख ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि युवक ने बुरी नीयत से महिला का हाथ पकड़ लिया और उससे नाम व अन्य व्यक्तिगत जानकारी पूछने लगा। जब महिला ने जानकारी देने से इनकार किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान पीड़िता ने शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता सीधे थाने पहुंची और पूरे मामले की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश के लिए टीम लगा दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है और उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

छोटे विवाद ने लिया बड़ा रूप, महिला पर हमला, जान से मारने की धमकी

दैनिक बुलंद मंज़िल अमरोहा। थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के ग्राम सिहाली नारायण मझरा झनकपुरी में जमीन खरीद-फरोख्त को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम निवासी लाल सिंह पुत्र होराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को गांव की ही भूरी, चांदनी, हरपाल तथा रूपचंद के साथ जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। आरोप है कि उक्त लोग उनकी पत्नी



परमेश्वरी और बेटी जोगेंद्री को गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर उनकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार मारपीट में उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह महिला को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद आरोपित पक्ष जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित लाल सिंह ने थाना अमरोहा देहात पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
अमरोहा
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

हसनपुर में पारिवारिक विवाद ने लिया खौफनाक रूप, उबलते दूध से तीन मासूम झुलसे



दैनिक बुलंद मंजिल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली में मंगलवार को एक पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जिसमें उबलते दूध की चपेट में आकर तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुनील का छोटा भाई अक्सर उसके घर से दूध ले जाया करता था। मंगलवार को दूध कम होने के चलते सुनील की पत्नी प्रीति ने उसे दूध देने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी चाचा घर पहुंचा और चूल्हे पर उबल रहे दूध की पतीली में लात मार दी। उस समय पास में बैठे सुनील के तीनों बच्चे–वैष्णवी (10 वर्ष), मनीष (8 वर्ष) और छह माह की तनिष्का–खौलते दूध की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित पिता सुनील ने आरोप लगाया है कि उसके भाई ने जानबूझकर बच्चों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से यह कृत्य किया। परिवार ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। इस संबंध में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है, फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सरकार की छत, गरीबों की राहत : अमरोहा में आवास योजनाओं की बड़ी कामयाबी





दैनिक बुलंद मंज़िल /असलम सैफी जिला प्रभारी

अमरोहा। जनपद में गरीब और बेघर परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन से हजारों परिवारों का घर का सपना साकार हुआ है। योजनाओं के तहत न सिर्फ बड़े पैमाने पर आवास निर्माण हुआ है, बल्कि लाभार्थियों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 का क्रियान्वयन बेहद सफल रहा है। प्रभारी पीओ डूडा एवं डिप्टी कलेक्टर मसीहा नजम के अनुसार, जिले में कुल 11,324 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 11,148 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। योजना के पहले चरण में सभी लाभार्थियों को पहली किस्त जारी कर दी गई थी, जबकि 11,148 लाभार्थियों को पूरी धनराशि प्राप्त हो चुकी है। यह धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 को लेकर भी जिले में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक करीब 25 हजार नए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस योजना के तहत उन परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है और जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है। लाभार्थियों को किस्तों में आर्थिक सहायता प्रदान कर उनका घर बनाने का सपना साकार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी तरह सफल रहा है। परियोजना निदेशक डीआरडीए अंबरीश कुमार के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत 182 आवासों का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। प्रत्येक लाभार्थी को 1,20,000 रुपये की धनराशि सीधे बैंक खाते में उपलब्ध कराई गई, जिससे समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य संपन्न हुआ। वहीं, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) भी जरूरतमंदों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के तहत निर्धारित 90 आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष 89 आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 82 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। इस योजना का लाभ विशेष रूप से प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों, विधवा एवं एकल महिलाओं, दिव्यांगजनों और कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जा रहा है। कुल मिलाकर, अमरोहा में आवास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने हजारों परिवारों को न केवल पक्की छत दी है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और सम्मान भी जोड़ा है। प्रशासन की इस पहल को आमजन के बीच सराहना मिल रही है।

फीता कटते ही शुरू हुआ जश्न, साथलपुर चक मंढिया में छाई आंबेडकर जयंती की रौनक





दैनिक बुलंद मंज़िल

ढबारसी ब्यूरो। आदमपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत साथलपुर की चक मंडिया में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उप निरीक्षक रविंद्र गौतम द्वारा फीता काटकर की गई, जिसके साथ ही पूरे क्षेत्र में तालियों की गूंज सुनाई दी और उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर भव्य और आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिनमें कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। झांकियों में सामाजिक समरसता, शिक्षा का महत्व और बाबा साहब के विचारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की भीड़ उमड़ी, जो झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्षों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान दिया और समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। इस मौके पर राजवीर सिंह, छत्रपाल सिंह, पूर्व प्रधान पुत्र नंदकिशोर सरदार जी, ग्राम प्रधान अनिल कुमार, गंगाराम, सर्वेन्दर मास्टर, संजीव कुमार, ब्रह्म सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

सहेलिया गांव में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती



दैनिक बुलंद मंजिल

हसनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव सहेलिया में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काट कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्षों और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के बताए गए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और भाईचारा स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहब के विचारों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में समिति सदस्यों ने ग्राम प्रधान रोहित चौधरी का सम्मान किया गया जिसमे सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद रहे मास्टर थान सिंह अध्यक्ष , ग्राम प्रधान रोहित चौधरी, चंद्रभान सिंह, हरफूल सिंह, जयचंद सिंह, झूड़े सिंह, नेमपाल, रोहित,जीतेन्द्र, चोखे सिंह,मुन्नू सिंह, सतपाल सिंह, विक्की, अरविंद, सुनील, विकास, वीर सिंह, अनित, उपदेश, आदि लोग मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर जयंती, अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जनपद में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर जयंती, अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अंबेडकर पार्कों एवं स्मारकों पर बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रमों को भव्यता और गरिमा मिली। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देशानुसार कुल 39 ग्राम पंचायतों में जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। इन अधिकारियों को अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने आवंटित ग्राम पंचायतों में स्थित अंबेडकर पार्कों की साफ-सफाई कराई गई तथा वहां विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान बाबा साहब के विचारों, उनके संघर्षों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत डिडौरा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को हाशमपुर गोपाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी को लोधीपुर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को गिन्दौड़ा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को गजगौला नानकबाड़ी सहित अन्य कई अधिकारियों को अलग-अलग ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में कृषि, पशुपालन, शिक्षा, सिंचाई, समाज कल्याण, उद्योग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, मत्स्य, सेवायोजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों का सफल संचालन किया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता का संदेश भी दिया गया।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि कार्यक्रमों को गरिमामय और प्रेरणादायक बनाया जाए, जिसका प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। पूरे जनपद में अंबेडकर जयंती का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर पलटी, प्रधानाध्यापक समेत दो घायल



दैनिक बुलंद मंजिल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अलीगढ़ मार्ग पर गांव हथिया खेड़ा के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और पलट गई। हादसे में प्राथमिक विद्यालय निरयावली भूड़ के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नन्हें सिंह और उनके साथी मंटू गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नन्हें सिंह अपने साथी मंटू के साथ रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली स्थित अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार हथियाखेड़ा गांव के सामने पहुंची, अचानक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे वह सीधे पेड़ से टकराई और कई बार पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद नन्हें सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि मंटू का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। हसनपुर कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज गति प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रफ्तार बनी मौत का कारण, स्कूटी की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत



दैनिक बुलंद मंज़िल

अमरोहा। थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवीपुरा निवासी राजबहादुर पुत्र रघुवंश सिंह ने थाना अमरोहा देहात में दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उसका भाई वीरपाल अमरोहा से काम करके अपने घर लौट रहा था। शाम करीब 7:40 बजे जब वह तेलीपुरा से आगे कैलसा-अदलपुर ताज कट के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रही एक स्कूटी के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मृतक ने अपने पीछे पत्नी सहित चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ा है और मृतक राजमिस्त्री का कार्य करता था। थाना पुलिस ने राजबहादुर की तहरीर के आधार पर स्कूटी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अमरोहा पुलिस में भूचाल रढ के ताबड़तोड़ निरीक्षण से पूरा सिस्टम अलर्ट





दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी

अमरोहा। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने मंगलवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए हसनपुर, रहरा, आदमपुर, डिडौली और सैदनगली थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम की लाइव फीड चेक की और सभी प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही अपराध रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, पीआरवी रूट चार्ट और त्योहार रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण कर रिकॉर्ड को अपडेट रखने पर जोर दिया। थानों में खड़े मुकदमे से संबंधित और लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब, अवैध खनन, पशु तस्करी और भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए गए। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने सभी थानों में महिला संबंधी शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्रों का निरीक्षण कर महिलाओं को जागरूक करने के लिए अधिक कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। इसके अलावा एसपी ने थानों में स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और प्रसाधन सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाकर थानों को स्वच्छ व सुंदर बनाने पर भी जोर दिया गया। रहरा थाने की नवनिर्मित बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके।

मुरादाबाद में दर्दनाक हादसा : थ्रेशर मशीन में फंसकर युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जिले से एक बेहद दुखद हादसे की खबर सामने आई है। मूंढापांडे क्षेत्र में थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना मूंढापांडे थाना क्षेत्र के चतरपुर नक्टा खेड़ा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, 30 वर्षीय राजीव अपने चाचा के गेहूं निकलवाने के लिए खेत पर गया था। 13 अप्रैल की देर रात जब काम लगभग खत्म हो चुका था, तभी यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि थ्रेशर मशीन पूरी तरह बंद नहीं हुई थी। इसी बीच राजीव मशीन



मृतक का प्रोफाइल फोटो



की सफाई करने के लिए उस पर चढ़ गया। तभी अचानक उसकी शर्ट मशीन में फंस गई और वह तेजी से मशीन के अंदर खिंचता चला गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद खेत में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। मृतक राजीव अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दर्दनाक घटना का असर पूरे गांव पर पड़ा है। गांव में चल रही बाबा साहब की जयंती की तैयारियां भी रोक दी गई हैं और हर तरफ शोक का माहौल बना हुआ है।

अंबेडकर जयंती पर हाथरस में निकली भव्य प्रभात फेरी, हजारों लोगों ने लिया हिस्सा और दिया एकता का संदेश

अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल

हाथरस। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शहर में अम्बेडकर अनुयायियों के नेतृत्व में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी आगरा रोड स्थित राधा स्वामी बगीची से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई अलीगढ़ रोड स्थित खंदारी गढ़ी पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी का नेतृत्व शोभायात्रा अध्यक्ष लोकेंद्र कुमार एवं संरक्षक गिर्राज सिंह फौजी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्ध भिक्षु एवं अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह द्वारा पंचशील ध्वज लहराकर की गई। इस दौरान हजारों की



संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु हाथों में बाबा साहब के झंडे और तस्वीरें लेकर बाइक एवं पैदल चलते हुए उनके जयकारे लगाते रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहब सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शोभायात्रा अध्यक्ष लोकेंद्र कुमार ने बताया कि 28 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से सीयल खेड़ा स्थित बगीची से बाबा साहब की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की। प्रभात फेरी में पंकज प्रेमाकर, सुनील कुमार, गिर्राज फौजी, शम्मी गौतम, योगेश केसरी, सरदार सुरजीत सिंह, पप्पू प्रकाश, संजय सेठ, सुषमा सिंह, सुनीता सिंह, योगेंद्र कांटे वाले, राजू भैया, गयाप्रसाद बाबा, रत्नेश रत्न, बिजेंद्र चौधरी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

ग्राम ईलर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

(बुलंद मंज़िल - मौहम्मद उमर)

मुरादाबाद । जनपद मुरादाबाद के ग्राम ईलर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बाबा साहब के प्रति अपनी आस्था व सम्मान प्रकट किया इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने और समानता स्थापित करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया कार्यक्रम के दौरान केक



काटकर जयंती मनाई गई और आतिशबाजी कर खुशियां जाहिर की गईं। पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला और लोगों में खासा उत्साह नजर आया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाया इस मौके पर गांव के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे, जिनमें रामोतार सिंह जाटव, मनोज सिंह जाटव, प्रमोद सिंह जाटव, अशोक सिंह जाटव, रामनाथ सिंह ठाकुर, भाजपा नेता नवीन सिंह चौधरी, कृष्णपाल सिंह, राजपाल सिंह, कश्यप, सीताराम सिंह जाटव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

मुरादाबाद में शादी समारोह बना रणभूमि : सलामी के दौरान अंगूठी विवाद में जमकर मारपीट, वीडियो वायरल





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। महानगर के मुंढापांडे थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय हिंसा में बदल गया, जब दूल्हे की सलामी के दौरान सोने की अंगूठी को लेकर विवाद खड़ा हो गया। देखते ही देखते यह कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि अक्का डिलारी निवासी भूरा की भांजी की शादी में कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबवाड़ी से बारात आई थी। सलामी के दौरान बिचौलिया (मध्यस्थ) को सोने की अंगूठी न मिलने पर वह नाराज हो गया, जिसके बाद दूल्हे पक्ष और बिचौलिया पक्ष के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लात-घूंसे, बेल्ट, लाठी-डंडों से जमकर मारपीट होने लगी। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लोग एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस दौरान पीड़ित भूरा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पीड़ित भूरा ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला मुंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर मंगल बाजार स्थित एक मैरिज हॉल का बताया जा रहा है।

अंबेडकर जयंती पर करुला में अवैध शराब बिक्री, डबल रेट पर ब्लैक का आरोप

बुलन्द मंज़िल ब्यूरो

मुरादाबाद । थाना कटघर क्षेत्र के करुला स्थित 10 सराय चौकी इलाके में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अवैध रूप से शराब बिक्री का मामला सामने आया है। एक ओर जहां जनपद में बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे, वहीं इस क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी देखने को मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन के सख्त निदेर्शों के बावजूद कुछ स्थानों पर शराब की दुकानें बंद नहीं रहीं और खुलेआम बिक्री होती रही। आरोप है कि शराब निर्धारित कीमत से अधिक, यहां तक कि दोगुने दाम पर ह्वब्लैकह्व में बेची गई इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर लोग खुलेआम शराब खरीदते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि



विशेष अवसरों पर प्रशासन को नियमों का सख्ती से पालन कराना चाहिए, लेकिन यहां आदेशों की अनदेखी हुई है फिलहाल मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

मुरादाबाद में बाबा साहब की जयंती पर भव्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया स्वागत

बुलन्द मंज़िल
आसिम खान

मुरादाबाद। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मुरादाबाद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोकदल (अल्पसंख्यक मोर्चा) उत्तर प्रदेश के महासचिव अनवार मलिक ने प्रेस नोट जारी कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान के माध्यम से हर व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता और सुरक्षा का अधिकार



दिलाया। उनके द्वारा किए गए कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा और समाज के सभी वर्ग उनके योगदान की सराहना करते हैं मुरादाबाद में बाबा साहब की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल (अल्पसंख्यक मोर्चा) उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह (नगर निगम पार्षद), शमीम खान, मोहम्मद सलमान बरकातलान, राजा अंसारी, इलियास, मनीहाल, केशव, असद अली, राशिद ड्राइवर, मोहम्मद मुनीर, फरीद, सईद अब्बासी, इलियास मलिक, अनीस मलिक, फुरकान मलिक, इसरार मलिक, अनवर अंसारी, इमरान साबरी सहित कई लोग मौजूद रहे

आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान लोगो ने एकत्र होकर नगरपालिका अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग

बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जिले के भोजपुर नगरपंचायत में कुत्तों के आतंक से नगरवासी परेशान है अब तक बच्चों के साथ साथ बुजुर्गों को कुत्ते से काटने की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं पैदल रास्ते पर चलना भी खतरे से खाली नहीं है नगरपंचायत भी इन कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने में हाथ खड़े करते दिखाई दे रहे हैं सबसे ज्यादा समस्या स्कूल जाने वाले बच्चों की है पैदल रास्ते पर कुत्तों के झुंड देखकर बच्चे अकेले जाने से भी कतराने लगे हैं कुत्तों के आतंक के



पीछे नगर पंचायत की उदासीनता भी काफी हद तक जिम्मेदार है नगरवासियों ने आज एकत्र होकर नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की नगर वासियों का कहना है कि मोहल्ला फतेहपुरी, मोहल्ला नवावपुर, मोहल्ला जमीदारान में दिन ओर रात आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है कुत्तो के डर से मंदिर मस्जिद ओर स्कूल जाने वाले बच्चे डरे ओर सहमे रहते हैं पहले भी कई लोगो पर हमला कर चुके हैं नगर वासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी नगर पंचायत अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं आवारा कुत्तों ने बच्चों और बड़ो का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर रखा है लोगों ने कहा है कि जल्दी ही इन आवारा कुत्तों से नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने निजात नहीं दिलाई तो नगर वासी सभासदों के साथ एकत्र होकर नगर पंचायत का घेराव करेंगे

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर गांव केमार में भव्य प्रभातफेरी निकाली गई

प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ और बैनर लेकर डॉ. अंबेडकर के संदेशों को किया याद





अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल

हाथरस। डा0 बी आर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गांव केमार में मंगलवार को सुबह भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। यह प्रभातफेरी सुबह-सुबह गांव के नागरिकों की भागीदारी के साथ शुरू हुई, जो जाहरवीर मंदिर से प्रारंभ होकर वहीं पर सम्पन्न हुई। प्रभातफेरी के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ और बैनर लेकर डॉ. अंबेडकर के संदेशों को याद किया तथा उनके संविधान निर्माण में दिए गए योगदान को नमन किया। पूरे मार्ग में ह्जय भीमह्व के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सामाजिक समानता, शिक्षा और एकता का संदेश देते हुए डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने प्रभातफेरी का फूल बरसाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गांव के प्रमुख नागरिक जुगनेश सविता सोनू प्रजापति अतुल पुष्पेंद्र सिंह विनोद कालीचरण सविता मनोज टेलर गजराज सिंह नाहर सिंह शीलेंद्र नेता जी लेखराज सिंह. पुरन सिंह. पप्पू सिंह हाकिम सिंह. सुखदेव. अनिपाल हरी सिंह. महिपाल सविता. बंटी गजेंद्र सविता. सविता. दिनेश सविता. आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला गया। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरित करना और समाज में समरसता को बढ़ावा देना रहा।

मुरादाबाद में शिवसेना ने धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, मेधावी छात्रों को किया सम्मानित





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। महानगर में शिवसेना द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर महानगर और जिले की विभिन्न तहसीलों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला कार्यालय पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख ने मंगूपुरा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया, जहां 50 छात्र-छात्राओं को किताबें और कॉपियां वितरित की गई तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 50 छात्रों की शिक्षा का जिम्मा उठाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में शिवसेना पदाधिकारियों और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रमुख रूप से वीरेंद्र अरोड़ा, कमल सिंह राव, मस्जिद उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, राहुल सिंह, धर्मेंद्र, डॉ. ओमकार, राजू, श्रीमती मधुबाला, दीपक कुमार, कैलाश और उमेश ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर अपना दल (एस) का भव्य आयोजन, सामाजिक न्याय पर हुई चर्चा





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। लखनऊ के कैसरबाग स्थित गांधी भवन परीक्षा गृह में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अपना दल (एस) द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आपको भी अपने विचार रखने का अवसर मिला, जिसमें आपने सामाजिक एकता, शिक्षा के महत्व और पिछड़े वर्गों के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। आपके संबोधन को उपस्थित लोगों ने सराहा। इस मौके पर बिजनौर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, धनवीर सिंह सिंधु, राजकुमार भुर्जी तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष जकी उल नासिर (मुरादाबाद परिक्षेत्र) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में समानता स्थापित करने के संकल्प लिया गया।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
हाथरस/बरेली
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

नारी शक्ति वंदन अधिनियम : समानता से नेतृत्व तक का सशक्त अभियान

नारी अब सीमाओं में बंधी नहीं, अधिकारों से सजी पहचान बनेगी, वंदन इस शक्ति का ऐसा, अब हर बेटी नेतृत्व की उड़ान भरेगी

अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल हाथरस। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की आधी आबादी को राजनीतिक नेतृत्व में भागीदारी दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह अधिनियम महिलाओं को केवल मतदाता तक सीमित न रखकर उन्हें नीति-निर्माण की मुख्यधारा में स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रहा है। इस अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। लंबे समय से लंबित इस विषय को अब निर्णायक रूप मिलने से भारतीय लोकतंत्र और अधिक समावेशी एवं संतुलित बनने की दिशा में अग्रसर है। अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का विशेष सत्र आयोजित



किया जा रहा है। यह सत्र 128वें संवैधानिक संशोधन को धरातल पर लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वर्ष 2029 के आम चुनाव से पूर्व महिलाओं को आरक्षण का वास्तविक लाभ प्रदान करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। यह कानून महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। अब महिलाएं शासन और प्रशासन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने क्षेत्र की समस्याओं को सीधे नीति स्तर पर उठा सकेंगी। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और समाज में उनकी स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी। हालांकि, किसी भी कानून की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन और जन-जागरूकता पर निर्भर करती है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा इस अधिनियम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, संगोष्ठियों और शिविरों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक समाज की प्रत्येक महिला इस अधिकार से परिचित नहीं होगी, तब तक इसका पूर्ण लाभ संभव नहीं है। ऐसे में समाज, परिवार और संस्थाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जो महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

अग्निशमन दिवस पर पुलिस वालों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक करने को निकाली रैली

अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल हाथरस। अवगत करना है कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के निदेशों के अनुसरण में समूचे देश की अग्निशमन सेवाएं हर साल 14 अप्रैल को ह्लअग्निशमन सेवा स्मृति दिवसह्व एवं 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक ह्लअग्निशमन सेवा सप्ताहह्व का आयोजन करती हैं, इसी क्रम में अग्निशमन केन्द्र पर शहीद अग्निशमन कर्मियों की याद में ह्लअग्निशमन सेवा स्मृति दिवसह्व के उपलक्ष्य में एक शोक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री रामानन्द कुशवाह व मुख्य अग्निशमन अधिकारी हाथरस राजकुमार बाजपेयी द्वारा पुष्प चक्र तथा समस्त अग्निशमन कर्मियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये एवं पुलिस गार्द द्वारा शहीद कर्मियों को सलामी दी गयी ।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य कर्मियों को पिन फ्लैग किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अग्निशमन वाहनों को अग्निसुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जो प्रभारी अग्निशमन केन्द्र, हाथरस के नेतृत्व में नगर के चामड गेट चैराहा, सादाबाद गेट चौकी, आगरा रोड बस स्टैण्ड, मधूगढी, अलीगढ रोड कोतवाली हाथरस गेट, गिर्राज पैट्रोल पम्प, इण्डस्ट्रियल एरिया, पीडब्लूडी गेस्ट हाउस, सदर तहसील, सासनी गेट चौराहा, सिटी रेलवे स्टेशन, मेन्डू गेट, गौशाला रोड, मेंण्डू गेट चौकी आदि कस्वों के मुख्य मार्गो से होते हुए लाउड स्पीकर द्वारा एवं पम्पलेट वितरण कर अग्निशमन सुरक्षा उपायों को बताया गया । सम्पन्न हुए आयोजन में बताया गया कि वर्ष 1944 में आज ही के दिन मुम्बई बन्दरगाह पर शिप यार्ड में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना के समय पूरे मुम्बई शहर को तबाह होने से बचाने में 66 फायर सर्विस कर्मचारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिनकी याद में प्रतिवर्ष यह दिन अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है । तथा अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में जन सामान्य को आग से बचाव की जानकारी दी जाने की परम्परा चली आ रही है । उनकी याद में तभी से सम्पूर्ण भारत वर्ष में 14 अप्रैल को समस्त अग्निशमन शाखाओं द्वारा अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राया में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

बुलन्द मंजिल//इखलाक कुरैशी

मथुरा । जनपद के कस्बा राया में भारत के संविधान निमार्ता, महान समाज सुधारक और दलितों के मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। जगह-जगह सजावट की गई और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न आयोजन किए गए। इस अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विधायक राजेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने समाज को समानता, शिक्षा और



अधिकारों की राह दिखाई। उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है, जिसे हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष गुलाब चौधरी, भूपेश अग्रवाल और मुकेश अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान स्थानीय प्रशासन की भी मौजूदगी रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती, जिससे कहीं भी कोई अव्यवस्था देखने को नहीं मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, युवा, महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता व भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अंत में सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया।

सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराई रोडवेज बस, पीछे से बलेनो कार भी भिड़ी, दो घायल

अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल हाथरस। सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के हुसैनपुर के पास मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन वाहन आपस में टकरा गए और दो लोग घायल हो गए। हादसा ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते हुआ। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को ओवरलोड सीमेंट से भरा एक ट्रैक्टर अलीगढ़ की ओर जा रहा था। हुसैनपुर के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर के पहिए की बेरिंग टूट गई। बताया जा रहा है कि चालक ने ट्रैक्टर को सड़क के बीच में ही खड़ा कर दिया और खुद नीचे घुसकर उसे ठीक करने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के पीछे चल रही बलेनो कार भी बस से भिड़ गई, जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय



ट्रैक्टर चालक नीचे ही काम कर रहा था और टक्कर के बाद वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायल को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उसका उपचार जारी है। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत दो लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ओवरलोड ट्रैक्टर काफी देर से सड़क पर खराब खड़ा था और पेट्रोलिंग पुलिस भी वहां से कई बार गुजरी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद जिम्मेदारों की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

युवा समाजसेवी गुड्डू उर्फ रंगीला के नेतृत्व में नगला अलगर्जी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, बच्चों को बांटी गई कॉपियां, हुआ भंडारा

अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल हाथरस। जनपद के गांव नगला अलगर्जी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर युवा समाजसेवी गुड्डू उर्फ रंगीला के नेतृत्व में गांव के सम्मानित नागरिकों और युवाओं के सहयोग से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही बच्चों के बीच कॉपियों का वितरण भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर उपस्थित गुड्डू उर्फ रंगीला ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को साझा करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समानता, शिक्षा और सामाजिक



न्याय को समाज की प्रगति का आधार बताया था। उन्होंने शिक्षा को हर व्यक्ति का मूल अधिकार मानते हुए ह्लशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही और पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक सद्भाव एवं उत्साह का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और प्रेरणा का संदेश देते हैं। इस मौके पर सतीश चंद्र डीलर, पत्रकार रवि गौतम, नरेश सागर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

होटल-ढाबों में घरेलू LPG का खेल होगा बंद, कारोबारियों की कुंडली बना रहा पूर्ति विभाग, दर्ज होगी FIR

बुलंद मंजिल

बरेली। जिले में रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, मैरिज हॉल और मिठाई की दुकानों में घरेलू एलपीजी सिलिंडर के इस्तेमाल पर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। जिला पूर्ति विभाग ने साफ कर दिया है कि नियमों को तोड़ने वालों पर अब सीधे मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। विभाग के इस फैसले से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान घरेलू गैस सिलिंडरों का उपयोग कर रहे हैं। कुछ जगहों पर बिना वैध अनुमति के कमर्शियल सिलिंडर भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह पूरी तरह नियमों के खिलाफ है और पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई तय है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज होगी रिपोर्ट विभाग के अनुसार घरेलू एलपीजी का व्यावसायिक उपयोग आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का सीधा उल्लंघन है। ऐसे मामलों में धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस कानून के तहत दोषी पाए जाने पर प्रतिष्ठान मालिक के साथ-साथ आयोजन कराने वाले व्यक्ति को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जा सकता है। पूर्ति विभाग ने साफ कर दिया है कि यदि किसी मैरिज हॉल या बारातघर में घरेलू या अवैध सिलिंडर का उपयोग पाया गया, तो सिर्फ संचालक ही नहीं, बल्कि बुकिंग कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। यह चेतावनी खास तौर पर शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए जारी की गई है। जिले भर में शुरू होंगे औचक निरीक्षण जिला पूर्ति कार्यालय ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले भर में औचक निरीक्षण करें। होटल, ढाबा, मिठाई की दुकानों और मैरिज हॉल की सघन जांच की जाएगी। कहीं भी नियमों का उल्लंघन मिला तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने व्यापारियों और आम लोगों से अपील की है कि वे केवल वैध व्यावसायिक गैस सिलिंडरों का ही उपयोग करें। इससे न सिर्फ कानूनी कार्रवाई से बचा जा सकेगा, बल्कि सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

बरेली में बिक रहे नकली अंडे, त्यागी रेस्टोरेंट की कचौड़ी और भटूरे में तेल की जांच, समोसे भी सील

बुलंद मंजिल

बरेली। मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चल रही कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को पुराना रोडवेज बस अड्डा स्थित त्यागी रेस्टोरेंट पर अचानक छापा मारकर हड़कंप मचा दिया। टीम ने यहां से समोसे और तलने में इस्तेमाल हो रहे वनस्पति तेल के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने त्यागी रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की। मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने समोसे और वनस्पति तेल का एक-एक नमूना लेकर सील किया और राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया। अब रिपोर्ट आने के बाद आगे की सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। रिपोर्ट तय करेगी कार्रवाई, मिलावटी तेल फैला रहा बीमारियां धिकारियों ने साफ किया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग का फोकस है कि शहरवासियों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना। नकली अंडों की शिकायतों के बाद विभाग ने 11 और 12 अप्रैल को शहर के कई इलाकों में जांच अभियान चलाया। जगतपुर गौटिया, एजाज नगर, शहदाना, पुराना शहर, फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर और बहेड़ी में अंडा विक्रेताओं के स्टॉक की जांच की गई। हीं नहीं मिले नकली अंडे, जांच जारी जांच के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर नकली अंडों का भंडारण नहीं मिला, जिससे लोगों को राहत मिली। हालांकि, विभाग ने साफ किया है कि निगरानी और छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। सहायक आयुक्त अक्षय गोयल ने चेतावनी दी कि मिलावट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई होगी और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई तय है।

खालसा साजना दिवस (वैसाखी पर्व) हर्षोल्लास से मनाया गया

बुलंद मंजिल

सुबह गुरुद्वारा गुरू गोबिन्द सिंघ (माडल टाउन) में साहिब श्री गुरू ग्रंथ साहिब का प्रकाश जयकारों की गूँज से किया गया। सुखमनी साहिब के पाठ के बाद नितनेम बाणियों के पाठ को संगत ने किया उपरन्त नित्यप्रतिदिन गायन की जाने वाली बाणी आसा की वार गुरबाणी कीर्तन हजूरी रागी भाई हरमीत सिंघ ने किया। अरदास के पश्चात हुकुमनामा की सेवा श्री अमृतसर साहिब दरबार से आये भाई कवलजीत ने निभाई। इसके बाद फूलों से सुसज्जित विशेष वाहन में श्री गुरू ग्रंथ साहिब को बिराजमान किया। पंज प्यारे एक खुली जीप में सवार थे। दरबार से आये भाई परमजीत सिंघ दरबार साहिब में बजाया जाने वाला वाद्य यंत्र नरसिंघा बजाते चल रहे थे, छोटे से नगरकीर्तन के रूप में पीलीभीत रोड स्थिति खालसा ग्राउंड लाया गया। जहाँ पूर्व से ही हजूरी रागी भाई सतवंत सिंघ गुरबाणी कीर्तन कर रहे थे। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच साहिब श्री गुरू ग्रंथ साहिब को विशेष तख्त साहिब पर बिराजमान किया गया। कलगीधर कीर्तन ग्रुप के बच्चों ने भट्ट साहिबान द्वारा गुरू साहिब की उस्तति में गायन किये सवइयों का पाठ किया। सिक्ख मिशनरी कालिज के विद्यार्थियों ने भी गुरबाणी कीर्तन कर अपनी प्रस्तुति दी। स्ताद भाई मनदीप सिंघ द्वारा निर्मित गुरबाणी कीर्तन फुलवाड़ी के बच्चियों ने नियमित एवं मर्यादित रागों में शबद गायन किया इनमें पूना में याशदा यूनिवर्सिटी में हुए आल इण्डिया प्रतियोगिता में बरेली की मनरीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश एवं बरेली शहर के नाम को गौरान्वित करने वाली मनरीत कौर भी शामिल थीं। तख्त श्री केशगढ़ साहिब से आये भाई सिमरनदीप सिंघ एवं पानीपत से आये भाई हरकीरत ने मनोहर कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री दरबार साहिब के भाई कवलजीत सिंघ रहे जिन्होंने हुकुमनामा साहिब बहुत ही रूहानीयत एवं मीठी आवाज में गायन किया। अरदास हुकुमनामा के बाद गुरू की संगत ने जयकारों की गूँज के साथ दीवान समाप्त हुआ। हजारों की संगत ने गुरू का लंगर छका। माता भाग कौर ग्रुप, नूर ए दस्तार, सिक्ख मिशनरी कालिज, पंजाबी युवा मंच, हरिमंदिर कमेटी, बरेली रिफ्यूजी सोसाइटी एवं अन्य संस्थाओ ने छबील, ठंडाई, जलजीरा, जलसेवा, आइस क्रीम आदि के स्टाल के अलावा धार्मिक पुस्तकों के स्टाल, पगड़ी बाँधने का स्टाल नूर ए दस्तार ग्रुप ने लगाया। पंजाबी युवा मंच एवं निरमल सिंघ ने जल सेवा की, व्यास स्कूल ने संगत को फ्री बस सेवा प्रदान की। इस अवसर पर सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर उमेश गौतम, वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने माथा टेका गुरू का लंगर छका एवं गुरू घर की ओर से उन्हें यादगारी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। रात्रि को शुकराना समागम रात 10 बजे तक हुआ। कल (आज) अमृत संचार सुबह 10 बजे माडल टाउन में होगा। संचालन अध्यक्ष मालिक सिंघ कालड़ा ने किया। इस अवसर पर गुरदीप सिंघ बग्गा, राजेंदर सिंघ, अमरजीत सिंघ बक्शी, हरनाम सिंघ, राणा प्रताप सिंघ, बलविंदर सिंघ, मनदीप सिंघ, अमनदीप सिंघ, गुरप्रीत सिंघ, गुरदर्शन सिंघ, अमरजीत बग्गा एम.पी.सिंघ, चंदर मोहन, जसपाल सिंघ,गुरमीत सिंघ,द्वारका, सुरेंदर, गुरचरण आदि का रहा।

किसान न्याय यात्रा पर हाउस अरेस्ट की करी निंदा डॉ हरिश गंगवार

बुलंद मंजिल

बैरेली। किसान न्याय यात्रा पर हाउस अरेस्ट की करी निंदा डॉ हरिश गंगवार बारादरी थाना प्रभारी विजेन्द्र सिंह ने कानून-व्यवस्था के बहाने डॉ. हरिश गंगवार के नेतृत्व वाली किसान न्याय यात्रा को रोक दिया और संयोजक को हाउस अरेस्ट कर लिया। डा हरीश गंगवार ने बताया कि किसान न्याय पद यात्रा आर्य एजी द्वारा कथित 4 करोड़ रुपये की किसान लूट के खिलाफ पूरी तरह अहिंसक और गांधीवादी सत्याग्रह थी लेकिन प्रशासन ने हमारी यात्रा को रोक दिया लेकिन हम हार मानने वाले नहीं है शीघ्र ही हम दोबारा से अपनी यात्रा शुरू करेंगे । विपिन पटेल, जिलाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने कहा



कि हमारा आंदोलन संवैधानिक और अहिंसक है। शांतिपूर्ण न्याय की मांग पर हाउस अरेस्ट करना लोकतंत्र पर हमला है। उलफत सिंह कठेरिया ने कहा कि आज ह्ल26 सत्याग्रही किसान दिल्ली तक पैदल न्याय मांगने जा रहे थे। पुलिस का यह पक्षपातपूर्ण कदम गैर-कानूनी है। हाउस अरेस्ट वापस लो, अन्यथा आंदोलन तेज होगा। अहिंसा का रास्ता चुनने वालों को घर में कैद करना शर्मनाक है। हमारी पीड़ा दब नहीं सकती। संवाद करो, दमन नहीं। डॉ. हरिश गंगवार ने किसानों की एकजुटता का स्वागत किया।कहा कि ड्ड हाउस अरेस्ट तुरंत हटाया जाएड्ड यात्रा को अहिंसक रूप से आगे बढ़ने दी जाएड्ड आर्य एजी घोटाले की निष्पक्ष जांच कर किसानों को न्याय मिले।

जय जवान, जय किसान

किसान न्याय यात्रा झ्र अहिंसा के रास्ते

उपस्थित किसान मे विपिन पटेल ,आकाश पटेल ,अरविंद पटेल, इन्द्र जीत यादव, सतीश सैनी ,हामिद कुरैशी ,छात्र पाल सिंह ,पप्पू वक्स ,साहिव सिंह, जगदीश सरन ,सुरेश दिवाकर, डॉ सरताज ,प्रो यश पाल सिंह , जाहिद अली आदि उपस्थित रहे ।

भवदीय
डॉ हरीश गंगवार
प्रदेश सचिव भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक संगठन
संयोजक किसान न्याय पदयात्रा

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
बरेली/बिजनौर
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

पारिवारिक कलह में महिला ने खत्म कर ली जीवनलीला, कमरे में फंदे से लटकता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

बुलंद मंजिल

बरेली। बारादरी क्षेत्र के कटरा चांद खां मोहल्ले में मंगलवार सुबह एक 24 वर्षीय महिला का शव उसके ही घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। सुबह-सुबह हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान अमनदीप के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक उसकी शादी वर्ष 2021 में अनमोल के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच एक तीन साल का बेटा भी है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अमनदीप का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घरेलू विवाद की तरफ इशारा घटना की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। शुरूआती जांच में पुलिस को पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। पुलिस का मानना है कि घरेलू तनाव या आपसी मनमुटाव के चलते महिला ने यह कदम उठाया हो सकता है। हालांकि पुलिस अभी किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनेगी अहम कड़ी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल किसी भी तरह की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। महिला के मायके पक्ष को भी घटना की जानकारी दे दी गई है और उनके आने का इंतजार किया जा रहा है। हर एंगल से पड़ताल में जुटी पुलिस इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि यदि जांच में कोई संदिग्ध तथ्य सामने आता है तो उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

सौतेली बेटियों ने हैक कर ली मां की इंस्टाग्राम आईडी, फिर निजी तस्वीरों के साथ किया ऐसा खेल, उड़े सबके होश

बुलंद मंजिल

बरेली। सोशल मीडिया के दुरुपयोग का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इज्जतनगर इलाके में एक महिला ने अपनी ही सौतेली बेटियों पर इंस्टाग्राम आईडी हैक कर निजी फोटो और वीडियो से छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कर्मचारी नगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह अमरीश नाम के व्यक्ति से हुआ है। अमरीश की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है और उसकी तीन बेटियां हैं। महिला के मुताबिक, दो सौतेली बेटियां अक्सर बहाने से उसका मोबाइल फोन लेती थीं। इसी दौरान उन्होंने मोबाइल से इंस्टाग्राम का पासवर्ड हासिल कर लिया और उसकी आईडी हैक कर ली। फोटो बदले, निजी कंटेंट से छेड़छाड़ महिला का आरोप है कि आईडी हैक करने के बाद बेटियों ने उसकी कई तस्वीरों में बदलाव कर दिया। इतना ही नहीं, उसके निजी फोटो और वीडियो के साथ भी छेड़छाड़ की जा रही है। इससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़िता ने बताया कि इंस्टाग्राम पर ऑल इंडिया बार परीक्षा के नाम पर मैसेज भेजकर उससे ओटीपी भी हासिल किया गया। इसके बाद उसकी आईडी पूरी तरह उनके नियंत्रण में चली गई। एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज मामले को गंभीर मानते हुए एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इज्जतनगर थाने में बेटियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम के अनुसार, पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है, इसलिए आईटी एक्ट के तहत भी जांच की जा रही है। मोबाइल डेटा और इंस्टाग्राम गतिविधियों की पड़ताल कर सच्चाई सामने लाई जाएगी। जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एलपीजी को बाय-बाय एडीएम कम्पाउंड बना ढठऋ जोन, डीएम ने फीता काटकर शुरू कराई नई व्यवस्था

बुलंद मंजिल

बरेली। शहर में गैस आपूर्ति को सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डीएम अविनाश सिंह ने एडीएम कम्पाउंड में पीएनजी पाइपलाइन विस्तार कार्य का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस पहल के साथ ही एडीएम कम्पाउंड को एलपीजी फ्री जोन बनाने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। एडीएम कम्पाउंड में शुरू हुई सुरक्षित गैस आपूर्ति की नई व्यवस्था सीयूजीएल द्वारा एडीएम कम्पाउंड में पीएनजी पाइपलाइन के विस्तार से अब गैस आपूर्ति अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित होगी। अधिकारियों के मुताबिक, इस व्यवस्था से सिलेंडर पर निर्भरता कम होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी घटेगी। कार्यक्रम के दौरान डीएम अविनाश सिंह ने सीयूजीएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी तरह योजनाबद्ध तरीके से शहर के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों–पुलिस लाइन, जजेस कॉलोनी और राजेंद्र नगर स्थित पीडब्ल्यूडी कॉलोनी–में भी पीएनजी पाइपलाइन का विस्तार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इससे एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकेगा और लोगों को सुरक्षित विकल्प मिलेगा। ऑनलाइन कनेक्शन जारी कर दिया डिजिटल संदेश कार्यक्रम के दौरान डीएम ने सीयूजीएल के पोर्टल पर ऑनलाइन बटन दबाकर जिला पूर्ति अधिकारी, बरेली सहित तीन उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन जारी किए। यह कदम न सिर्फ सुविधा बढ़ाने वाला है, बल्कि डिजिटल प्रक्रिया को भी मजबूती देता है। पीएनजी पाइपलाइन विस्तार को शहर में स्वच्छ, सुरक्षित और निरंतर गैस आपूर्ति की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक क्षेत्रों को इस योजना से जोड़कर बरेली को एलपीजी पर निर्भरता से काफी हद तक मुक्त किया जा सकेगा। इस दौरान सीयूजीएल के अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर,एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

दैनिक बुलंद मंजिल
यासिर शम्सी।

कोतवाली देहात। तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के करीब एक माह बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।ग्राम महमूदपुर नारायण उर्फ स्यालू नगला निवासी उस्मान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र सुबहान अपने दोस्त गुफरान पुत्र नईमुद्दीन के साथ 9 मार्च की रात करीब 12 बजे मोटरसाइकिल से कोतवाली देहात से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान करौंदा पचदू निवासी सुफियान पुत्र शमीम अपनी कार को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए गलत दिशा में ले आया और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं।पीड़ित के अनुसार,वह पिछले एक माह से अपने पुत्र का इलाज कराने में व्यस्त था,जिसके चलते तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका।आरोप है कि जब पीड़ित ने आरोपी से घटना के संबंध में बात की,तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कोतवाली स्थित अंबेडकर पार्क में कांग्रेस के साथियों ने बरेली के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में माल्यार्पण किया



बुलंद मंजिल

आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कोतवाली स्थित अंबेडकर पार्क में कांग्रेस के साथियों ने पीलीभीत के को ऑर्डिनेटर और निवर्तमान शहर कांग्रेस बरेली के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सभी नागरिकों को बधाई देते हुए, अजय शुक्ला ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर हमारे राष्ट्र के सबसे बड़े समाज सुधारकों में से एक थे। वे भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे, जिनकी दूरदर्शिता ने जाति, सामाजिक समानता और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। इस आयोजन में उपस्थित साथी थे पारस शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पश्चिमी युवा कांग्रेस, जुबैर खान, फिरोज खान, मुन्ने अंसारी, शिवान्श शर्मा, शोबी खान, इश्तयाक अंसारी, फिरोज खान, अवनीश चौबे, और अन्य सभी साथी। इस कार्यक्रम से अम्बेडकर जी के विचारों और उनके द्वारा दिए गए संविधान के महत्व को याद किया गया, और सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

निशा शर्मा,उन्नति राधा और पारुल को मिला सीमा स्मृति सम्मान ,विविध संवाद पत्रिका के नारी विशेषांक का हुआ विमोचन



बुलंद मंजिल

बरेली। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में 27 वाँ सीमा स्मृति सम्मान एवं विमोचन समारोह का आयोजन रोटरी भवन में मंगलवार को हुआ। जिसमें शहर की वरिष्ठ साहित्यकार कवयित्री डॉ.निशा शर्मा ,उन्नति राधा शर्मा और बीके पारुल को सीमा स्मृति साहित्य सम्मान मुख्य अतिथि पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार,डॉ. मेघा अग्रवाल और क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने प्रदान किया। विविध संवाद पत्रिका के नारी विशेषांक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। शहर के 40 रचनाकारों को स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर उनका भी सम्मान और अभिनन्दन किया गया। नारी उत्थान पर गोष्ठी भी हुई। दो अति जरूरतमंद कन्याओं की शादी में जरूरत का सामान भी दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार और शिक्षाविद सुरेश बाबू मिश्रा ने की। विशिष्ट आतिथ्य नवगीतकार रमेश गौतम ने ग्रहण किया। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने संचालन किया। आभार इं. के.बी.अग्रवाल और महासचिव प्रदीप माधवार ने व्यक्त किया। कमल सक्सेना,मुकेश सक्सेना, मधु वर्मा,,निर्भय सक्सेना, इन्द्र देव त्रिवेदी, सुरेन्द्र मोहन सिन्हा, रीता सिन्हा, प्रकल्प, सुमी,अरुणा सिन्हा, निर्भय सक्सेना,प्रकाश चंद्र सक्सेना,रोहित राकेश, सुनील शर्मा,मौजूद रहे।

चांदपुर क्षेत्र के गांवों में शुरू हुआ सर्वे गंगा एक्सप्रेसवे का बदला नक्शा:

अब बिजनौर होकर हरिद्वार तक दौड़ेगा हाईवे, गांव-गांव में सर्वे से मची हलचल

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर। ग्रीन फील्ड गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। नए एलाइनमेंट के तहत अब यह महत्वाकांक्षी एक्सप्रेसवे अमरोहा से बिजनौर होते हुए हरिद्वार तक जाएगा। प्रस्तावित रूट के अनुसार चांदपुर क्षेत्र के कई गांवों में सर्वे कार्य शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह के साथ हलचल भी तेज हो गई है। धार्मिक स्थलों को जोड़ेगा एक्सप्रेसवे नए एलाइनमेंट में एक्सप्रेसवे गंगा के दाएं किनारे से गुजरते हुए ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों – विदुरकुटी और कण्व ऋषि आश्रम – को जोड़ेगा। इससे इन स्थलों की पहुंच आसान होगी और पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। 140 किलोमीटर लंबा होगा मार्ग अमरोहा से हरिद्वार तक इस नए रूट की लंबाई करीब 140 किलोमीटर तय की गई है। परियोजना की डीपीआर तैयार करने का जिम्मा नोएडा की एसए इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। चांदपुर क्षेत्र के गांवों में शुरू हुआ सर्वे ग्रामीणों के अनुसार रौनिया, मिठनपुर, चमरौला, खेड़की और मंडावर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में कंपनी के कर्मचारी पहुंचकर सर्वे कार्य कर रहे हैं। इससे किसानों और स्थानीय लोगों में परियोजना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। भाकियू के आंदोलन के बाद बदला फैसला गौरतलब है कि पहले इस एक्सप्रेसवे से बिजनौर को बाहर कर दिया गया था, जिस पर भाकियू (अराजनैतिक) ने बड़ा आंदोलन चलाया। लाखों पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजे गए, जिसके बाद सरकार ने अपना फैसला बदलते हुए बिजनौर को फिर से इस परियोजना में शामिल किया। विकास के खुलेंगे नए रास्ते इस एक्सप्रेसवे के बनने से बिजनौर जिले में पर्यटन, व्यापार और उद्योग को जबरदस्त बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कण्व ऋषि आश्रम, विदुरकुटी और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व जैसे प्रमुख स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के लिए और अधिक सुलभ हो जाएंगे। साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हालांकि अभी सर्वे का कार्य जारी है, लेकिन इस परियोजना को जनपद के विकास के लिए गेम चेंजर माना जा रहा है।

बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित, सांसद चंद्रशेखर आजाद रहे मुख्य अतिथि

दैनिक बुलंद मंज़िल
मौहम्मद फैजान





धामपुर। भारतीय संविधान के निमार्ता, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं शोषितों, वंचितों के मसीहा, महिलाओं के मुक्तिदाता, ज्ञान के प्रतीक, विश्व रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर सहारनपुर में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद जी ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में चंद्रशेखर आजाद जी ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का जो मार्ग दिखाया है, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संगठन और संघर्ष के मूल मंत्र को अपनाकर ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें बाबा साहेब के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन और गीतों के माध्यम से उनके संघर्षों को दर्शाया गया। उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में भाईचारा, समानता एवं न्याय की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह आयोजन न केवल बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम बना, बल्कि समाज में जागरूकता और एकता का संदेश भी देने में सफल रहा।

चांदपुर में मिशन शक्ति की गूंज: घर-घर पहुंचा महिला सुरक्षा का संदेश, नारी सशक्तिकरण पर जोर

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत चांदपुर में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को मोहल्ला सहुवान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का संचालन महिला थाना चांदपुर की टीम द्वारा किया गया, जिसमें महिला हेड कांस्टेबल दीपा आर्य, महिला कांस्टेबल शिवानी और महिला होमगार्ड मीनाक्षी ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने महिलाओं को एकत्र कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यनारी शक्ति वंदनह्ल कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली। हेल्पलाइन नंबरों की दी गई विस्तृत जानकारी महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक पुलिस टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और अन्य अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले उत्पीड़न की शिकायत कैसे करें, इसकी भी जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचने के उपाय भी बताए गए और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या फर्जी कॉल की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों पर फोकस महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें अपने और परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

चांदपुर में लाखों की चोरी से व्यापारियों में उबाल: खुलासे में देरी पर पुलिस से तीखी नाराजगी

दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत




चांदपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र में व्यापारी के घर हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का अब तक खुलासा न होने पर व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जाता है कि 27 मार्च की रात चांदपुर निवासी व्यापारी निरीश कुमार उर्फ बिल्लू गुप्ता के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए सोने के कीमती आभूषणों के साथ करीब आठ लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली थी। घटना के बाद से ही व्यापारी वर्ग में दहशत और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। व्यापारियों ने खोला मोर्चा व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल थाना चांदपुर पहुंचा और प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार से मुलाकात कर जल्द से जल्द घटना के खुलासे की मांग की। व्यापारियों ने साफ कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इन व्यापारियों ने रखी अपनी बात प्रभारी निरीक्षक से मिलने पहुंचे व्यापारियों में गोविंद मित्तल, सुधीर अग्रवाल, अशोक नेताजी, राजेंद्र त्यागी, मयंक कुमार और अरुण कुमार शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने दिया भरोसा प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस की टीमें लगातार जांच में जुटी हैं और जल्द ही चोरी की घटना का पदार्फाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल इस बड़ी चोरी की घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द खुलासा नहीं हुआ तो अपराधियों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं। फिलहाल व्यापारी वर्ग पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए है और जल्द खुलासे की उम्मीद कर रहा है।

दैनिक बुलन्द मंज़िल
बिजनौर
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

शून्य के जनक आर्यभट्ट को नमन : जयंती पर गूंजे प्रेरणा के स्वर, विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ ने दिया ज्ञान का संदेश

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत







चांदपुर। महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री आर्यभट्ट की जयंती के अवसर पर विभिन्न संगठनों व समाजसेवियों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 14 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रमों में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें शून्य (0) का जनक बताते हुए विज्ञान और गणित के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को सराहा गया। विश्व को दी नई दिशा आर्यभट्ट ने अपने शोध और ग्रंथ ह्यआर्यभटीयह्ल के माध्यम से गणित और खगोल विज्ञान में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। उनके द्वारा प्रतिपादित ह्यशून्यह्ल की अवधारणा ने विश्व गणित को नई दिशा दी, जो आज भी विज्ञान और तकनीक की नींव मानी जाती है। प्रशांत तोमर ने युवाओं को किया प्रेरित विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर ने कहा कि आर्यभट्ट का जीवन भारतीय ज्ञान परंपरा की महानता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करें और समाज के विकास में योगदान दें। स्वाति तोमर ने बताया गौरव का विषय प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाति तोमर ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्यभट्ट जैसे महान वैज्ञानिकों ने भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। नागेन्द्र सिंह राजपूत ने रखे विचार विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री, चैनल इन चीफ सिटी न्यूज ऑल इंडिया एवं वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि ह्यशून्यह्ल का सिद्धांत मानव सभ्यता के विकास का आधार बना। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों की विरासत को समाज तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। दीपक शर्मा ने किया सम्मान व्यक्त विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि आर्यभट्ट का योगदान भारत के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों ने देश को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई और हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आर्यभट्ट का जीवन और उनके सिद्धांत आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। जयंती के अवसर पर सभी ने उन्हें नमन करते हुए ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

चांदपुर में आंखों की सेहत पर खास फोकसः गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में भव्य नेत्र शिविर, सैकड़ों छात्रों को मिला लाभ

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर। चांदपुर-स्याऊ स्थित गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय भव्य नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय स्टाफ की आंखों की व्यापक जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. शुभम सोनी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उनकी टीम में नेत्र सहायक डॉ. नर्मदा पटेल एवं सहयोगी अदीबा, आलम और आमिर शामिल रहे। चिकित्सकों ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्रतिभागियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह दी। डिजिटल लाइफस्टाइल से बढ़ रहा खतरा डॉ. शुभम सोनी ने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण आंखों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने नियमित अंतराल पर आंखों की जांच कराने, पर्याप्त आराम देने और संतुलित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। जागरूकता ही बचाव का सबसे बड़ा माध्यम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यस्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।ह्ल उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल जांच तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपनी आंखों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। संगठित प्रयास से सफल आयोजन शिविर का सफल संचालन प्राथमिक चिकित्सा समिति की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी चौहान के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. साधना ने की। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षकों और चिकित्सा समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन कार्यक्रम के अंत में डॉ. मीनाक्षी चौहान ने सभी चिकित्सकों, अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के सफल आयोजन पर संतोष जताया। यह नेत्र शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय-समय पर जांच कराने की आवश्यकता को रेखांकित करने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

एसपी अभिषेक झा ने अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

दैनिक बुलंद मंज़िल/ उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान



बिजनौर। जनपद बिजनौर में "अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल) का हरी झण्डी दिखाकर विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया, जिसके माध्यम से आमजन को आग से बचाव एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि यह दिवस उन वीर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जनपद में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत स्कूलों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिससे लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके।इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जनपद में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

पीडीए को मजबूत करना ही अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलिः सांसद नदवी

दैनिक बुलंद मंजिल
फहीम अख्तर



बिजनौर। अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद नदवी ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए पीडीए को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान की वजह से ही आज देश में एक दलित महिला सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन है, जो भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। सांसद नदवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी इसका विरोध सड़कों पर उतरकर नहीं, बल्कि प्रदेशभर में पीडीए कार्यक्रम आयोजित कर करेगी और जनता के बीच जाकर अपनी बात रखेगी। इस अवसर पर नगीना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके पूर्व जज मनोज कुमार ने ह्यपीडीए सेवा पोर्टलह्ल के शुभारंभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पोर्टल का मुख्य कार्यालय दिल्ली में स्थापित किया गया है, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या ऑनलाइन दर्ज कराकर उसका समाधान प्राप्त कर सकेगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, डॉ. रमेश तोमर, शमशाद अंसारी, राशिद हुसैन, सत्यपाल प्रधान, प्रभा चौधरी, अखलाक पप्पू, डॉ. रहमान, जावेद राइन और अशोक आर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती पर ग्राम शादीपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित

दैनिक बुलंद मंज़िल
सलीम हैदर



बरुकी। ग्राम शादीपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हेनरिता सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समता मूलक समाज की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए थे। उन्होंने कहा कि हमें डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करना है और युवाओं को आगे आकर देशहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम में आरके सिंह, फकीरचंद, ऋषिपाल सिंह, पृथ्वी सिंह, योगेश कुमार, विपिन कुमार, चेतराम सिंह, वीर सिंह, अखिलेश मौर्य, महावीर सिंह पाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नूरपुर नगरपालिका बोर्ड बैठक में 21 करोड़ से अधिक का बजट पेश

दैनिक बुलंद मंज़िल
मौहम्मद फैजान



नूरपुर। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 21 करोड़ रुपये से अधिक का आय-व्यय बजट पेश किया गया। यह बैठक सोमवार को नगर पालिका परिषद के शहीद भगत सिंह सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा ने किया। बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार विभिन्न मदों से प्रस्तावित आय 21 करोड़ 81 लाख 60 हजार रुपये तथा प्रस्तावित व्यय 21 करोड़ 79 लाख 5 हजार 420 रुपये निर्धारित किया गया। बैठक के दौरान वार्ड नंबर 5 के सभासद एडवोकेट सिराजुद्दीन ने अपने वार्ड में नालों और सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने गृहकर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाए गए करों का विरोध किया। बुद्ध बाजार में स्ट्रीट वेंडिंग जोन के प्रस्ताव पर भी उन्होंने आपत्ति दर्ज कराई। अन्य सभासदों ने भी नगर में अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्य कराने की मांग उठाई। बैठक में हाउस टैक्स को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें यह सहमति बनी कि नगर में विकास कार्य बोर्ड सदस्यों की अनुमति से ही कराए जाएंगे। क्षेत्रीय विधायक रामअवतार सैनी ने सुझाव दिया कि मुख्य बाजार में डिवाइडर को पूरी तरह कवर किया जाए, ताकि सड़क के बीच ठेले आदि न लगें और जाम की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने बुद्ध बाजार में स्ट्रीट वेंडिंग का भी विरोध किया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने सभासदों के सवालों का जवाब देते हुए आश्वासन दिया कि नगर में अतिक्रमण हटाया जाएगा, विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और छोटी-मोटी मरम्मत में देरी नहीं होने दी जाएगी।बैठक में ईओ संतोष मिश्रा, सभासद गुरमीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, ऋषभ देव राजा, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, नफीस, आफताब, मुसर्रत जहां, फरीदा बेगम, शाहुद्दीन, सिराजुद्दीन एडवोकेट, असलम, नामित सदस्य रणवीर सिंह और रेनू रानी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राख से ढकी सड़कें, खतरे में जान : चांदपुर में ट्रैक्टर-ट्रालियों के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत






चांदपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के हल्दौर मार्ग पर इन दिनों राख से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई हैं। खुले में राख लेकर दौड़ रही इन ट्रालियों से उड़ती धूल ने न केवल प्रदूषण बढ़ा दिया है, बल्कि राहगीरों की जान भी खतरे में डाल दी है। इसको लेकर सोमवार सुबह स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर उतरकर ट्रालियों को रोकते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बिना ढके दौड़ रहीं राख से भरी ट्रालियां स्थानीय लोगों का आरोप है कि हल्दौर रोड से स्याऊ की ओर जाने वाली ये ट्रैक्टर-ट्रालियां पीबीएस शुगर लिमिटेड शुगर मिल से राख लेकर कॉलोनियों में भराव कार्य के लिए जा रही हैं। लेकिन इन ट्रालियों को ढका नहीं जाता, जिससे राख लगातार हवा में उड़ती रहती है और पूरे क्षेत्र को प्रदूषित कर रही है। उड़ती राख से हादसों का खतरा राहगीरों का कहना है कि तेज रफ्तार से चल रही ट्रालियों के कारण राख उड़कर बाइक सवारों और पैदल चलने वालों की आंखों में चली जाती है। इससे कई बार संतुलन बिगड़ने की स्थिति बन जाती है और बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। सड़क पर उतरे लोग, जताया विरोध लगातार हो रही परेशानी से नाराज लोगों ने सुबह ट्रालियों को रोककर विरोध जताया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि राख ढककर ले जाने के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ओवरस्पीडिंग पर रोक लगाई जाए और दोषी वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रशासन की चुप्पी बनी चिंता का विषय इस गंभीर समस्या पर अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो यह समस्या किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अब सबकी नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

चांदपुर में गुलदार गैंग का खौफ : मंडी समिति की दीवार पर एक साथ दिखे 4 गुलदार, वीडियो वायरल

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर । चांदपुर तहसील क्षेत्र में एक साथ चार गुलदारों के दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मंडी समिति की दीवार पर दौड़ते हुए एक गुलदार का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार देर रात की है। गांव नाईपुरा के कुछ युवक हल्दौर रोड स्थित एक प्लाई फैक्ट्री से लौट रहे थे। जब वे मंडी समिति के पीछे स्याऊ की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर दीवार पर घूम रहे चार गुलदारों पर पड़ी। अचानक इतने करीब जंगली जानवरों को देखकर युवक घबरा गए, लेकिन उन्होंने साहस दिखाते हुए मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। दीवार फांदकर परिसर में कूदे गुलदार वीडियो बनाते समय तीन गुलदार मंडी समिति की ऊंची दीवार फांदकर अंदर परिसर में कूद गए, जबकि एक गुलदार दीवार पर तेजी से दौड़ता हुआ दिखाई दिया। यही वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें गुलदार की फुर्ती और रफ्तार साफ देखी जा सकती है। वन विभाग अलर्ट, टीम करेगी जांच घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग सक्रिय हो गया है। रेंजर दुष्यंत सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और जांच के लिए टीम को मौके पर भेजा जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को दें। पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी आसपास के क्षेत्रों में गुलदार के देखे जाने की घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन एक साथ चार गुलदारों का दिखना बेहद चिंताजनक है। लोगों में दहशत, रात में निकलना हुआ मुश्किल घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी जा रही है। चांदपुर वन विभाग की टीम द्वारा जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि गुलदार किस दिशा से आए और अब कहां मूवमेंट कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

चांदपुर तहसील में वकीलों का हंगामाः एसडीएम चांदपुर पर अभद्रता का आरोप, न्यायिक कार्य ठप

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर । चांदपुर तहसील में अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सीनियर बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाते हुए न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का ऐलान कर दिया, जिसके चलते तहसील के सभी न्यायालयों में कामकाज ठप हो गया। यह विवाद 10 अप्रैल 2026 को उस समय शुरू हुआ, जब अधिवक्ता गुलाब सिंह यादव के साथ कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इस घटना से अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने तत्काल बैठक बुलाकर विरोध दर्ज कराया। बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया बड़ा निर्णय सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर की बैठक अध्यक्ष संदीप कुमार एडवोकेट की अध्यक्षता और महासचिव मनोज कुमार एडवोकेट के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर न्यायिक कार्यों से पूरी तरह विरत रहने का निर्णय लिया। एसडीएम के खिलाफ खुला मोर्चा अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) नितिन तेवतिया के खिलाफ तहसील परिसर में प्रदर्शन कर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को भेजी गई सूचना बार एसोसिएशन द्वारा इस निर्णय की सूचना सिविल जज (जूनियर डिवीजन) चांदपुर, तहसील के सभी न्यायालयों, जिलाधिकारी बिजनौर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। आंदोलन जारी रखने की चेतावनी बार पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मामले में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती, तब तक बहिष्कार जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस घटनाक्रम से तहसील का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है और आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक बुलन्द मंज़िल
बिजनौर
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

नूरपुर व्यापारी हत्याकांड का खुलासा अपहरण कर हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार शव बरामद

दैनिक बुलंद मंजिल
गुलफाम राजा



नूरपुर। नगर के चर्चित व्यापारी इसरार अहमद हत्याकांड का धामपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, नूरपुर के मोहल्ला हजरत नगर निवासी इसरार अहमद पुत्र अकबर अली करीब दो माह पूर्व धामपुर क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। इस संबंध में उनके बड़े भाई अफसर पुत्र अकबर अली ने थाना धामपुर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि इसरार फरवरी माह में आशु सिद्दीकी नामक युवक के साथ कारोबार के सिलसिले में गया था, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि इसरार अहमद का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मुख्य आरोपी आशु सिद्दीकी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने नूरपुर क्षेत्र के ग्राम रहटा बिल्लौच स्थित रामगंगा पोषक नहर के पास झाड़ियों से अधजला शव बरामद किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पैसे हड़पने के उद्देश्य से इसरार का अपहरण किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आशु सिद्दीकी के अलावा शाहनवाज उर्फ शानू पुत्र अली हसन निवासी तीबड़ी थाना धामपुर और जाबिर पुत्र अली हसन निवासी पाढ़ली मांडू थाना धामपुर को भी गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रस्सी, एक जरी चैन, चप्पल, हाथ का ब्रेसलेट, दो सैमसंग मोबाइल फोन तथा घटना में इस्तेमाल की गई कार (उ०छ०इ०0911) बरामद की है।थाना धामपुर पुलिस के अनुसार, आरोपी शाहनवाज उर्फ शानू पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस की तत्परता से खुला मामला, क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हत्याकांड मामला।

बिजनौर यूथ फाउंडेशन के शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 600 मरीजों की आंखों की हुई जांच

45 गंभीर मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन के लिए देहरादून भेजा गया, विशेषज्ञों ने दी सलाह

दैनिक बुलंद मंजिल
राजवीर सिंह





कोतवाली देहात। क्षेत्र के सामाजिक अग्रणी संस्था बिजनौर यूथ फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को कोतवाली देहात में एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधुनिक मशीनों द्वारा आंखों के रोगों का परीक्षण किया गया, जिसमें भारी संख्या में बुजुर्गों और असहाय लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि इमरान पत्रकार जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। इस दौरान देहरादून के विख्यात श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल से आए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन और डॉ. अम्बिका ने अपनी मेडिकल टीम के साथ मरीजों के आंखों की गहनता से जांच की। डॉक्टरों ने बताया कि शिविर में आए लगभग 600 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद, काला पानी और दृष्टि दोष की शिकायतें मिलीं। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि परीक्षण के दौरान 40 50 से अधिक ऐसे मरीजों का चयन किया गया है, जिनकी आंखों का ऑपरेशन अनिवार्य है। इन सभी मरीजों को संस्थान की ओर से श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून ले जाया गया है, जहाँ उनका पूर्णतः निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में आए अन्य मरीजों को फाउंडेशन द्वारा मुफ्त दवाइयां और चश्मे के परामर्श दिए गए। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और फाउंडेशन के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने इस अच्छे कार्य की प्रशंसा की। बिजनौर यूथ फाउंडेशन की टीम में मो रिहान मौलाना कादिर अब्दुल वाहिद इकराम नोशाद अफजाल सलमान समीर नदींम मलिक आदि मौजूद रहे।

ंसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

दैनिक बुलंद मंज़िल
मौहम्मद जीशान



स्योहारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा, जनपद बिजनौर में 14 अप्रैल 2026 को अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही के नेतृत्व में समस्त कर्मचारियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही एवं अन्य वक्ताओं ने अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम सौभाग्यशाली हैं कि विश्व के ज्ञान के प्रतीक डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ। उन्होंने 1907 में मुंबई से मैट्रिक, 1912 में स्नातक तथा 1915 में मुंबई विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने अमेरिका के उच्च'ष्टें वल्लप्पी१२३८ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की, जहां उनका शोध विषय ह्यब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकेंद्रीकरणह्व था। वक्ताओं ने बताया कि बाबा साहब ने कुल 32 डिग्रियां प्राप्त कीं और 5 विषयों में पीएचडी हासिल की। उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है, जिनके द्वारा निर्मित संविधान के आधार पर आज भारत की प्रशासनिक व्यवस्था संचालित हो रही है, जिसमें सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आज विश्व के कई देशों में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं, यहां तक कि कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर भी उनकी प्रतिमा स्थापित है। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. हासिम, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, धीरेन्द्र सिंह, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, दुशाला शर्मा, अनीता देवी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीआईजी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न में पति समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दैनिक बुलंद मंजिल
गुलफाम राजा



नूरपुर। दहेज उत्पीड़न के एक मामले में डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने पति सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है, जिससे क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला कबीर नगर निवासी एक महिला ने उच्च अधिकारियों को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पूर्व ग्राम मंढोरा निवासी अक्षय कुमार पुत्र विजयपाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग को लेकर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।पीड़िता का आरोप है कि बीते 2 दिसंबर को उसके पति अक्षय कुमार, ससुर विजयपाल, सास अन्ना देवी, ननद बीना कुमारी, आदेश कुमारी, पुष्पा देवी, बबली और राखी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसका बच्चा छीनकर उसे घर से निकाल दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।महिला ने बताया कि उसने इस संबंध में स्थानीय पुलिस और एसपी बिजनौर से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने डीआईजी को प्रार्थना पत्र भेजा।मामले का संज्ञान लेते हुए डीआईजी के आदेश पर थाना प्रभारी परवेज कुमार ने पति सहित आठ आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर पूर्व प्रधान पति पर अभद्र टिप्पणी व धमकी देने का आरोपी, थाने में शिकायत

दैनिक बुलंद मंजिल
हरीश कुमार

ठाकुरद्वारा । थाना डिलारी क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पूर्व प्रधान पति को गांव का एक युवक विदेश में मजदूरी का काम करता है उसने प्रधान पति के विरुद्ध सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र टिप्पणी कर जान से मारने की धमकी लगातार दे रहा है । पीड़ित पूर्व प्रधान पति ने थाना डिलारी पुलिस को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व प्रधान पति ने प्रार्थना पत्र में बताया गया कि आरोपी ने फर्जी नाम से सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उसकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से वीडियो व रील अपलोड कीं, जिनमें आपत्तिजनक व भ्रामक बातें कही गईं। आरोप है कि लगातार इस तरह की पोस्ट करने से पीड़ित मानसिक रूप से परेशान है और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। पीड़ित का कहना है कि समझाने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और अब गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

बिजनौर में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती, निकली भव्य रैली

दैनिक बुलंद मंजिल
फहीम अख्तर





बिजनौर। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को जनपद बिजनौर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जयंती के उपलक्ष्य में शहर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली विदुर कुटी रोड से शुरू होकर शक्ति चौक, सिविल लाइन और डाकघर चौराहा होते हुए विकास भवन परिसर में जाकर संपन्न हुई। रैली में सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जोरदार नारे लगाए और सामाजिक समरसता, समानता व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। वहीं, बिजनौर कांग्रेस कार्यालय में भी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विकास भवन तक मार्च निकाला और वहां पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में जिला, शहर, नगर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

धामपुर क्षेत्र में बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित

मुख्य अतिथि के रूप सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन रहे उपस्थित

दैनिक बुलंद मंज़िल
मौहम्मद फैजान





धामपुर। विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती के उपलक्ष्य में जगह जगह भव्य कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धामपुर क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने सभी ग्रामवासियों को अंबेडकर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान विवेक सेन ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, जिससे आज देश में सामाजिक न्याय की नींव मजबूत हुई है।इस मौके पर उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों, युवाओं और ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। लोगों ने समाज में समानता, शिक्षा के प्रसार और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। बच्चों और युवाओं ने बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं, जिससे पूरे माहौल में प्रेरणादायक ऊर्जा बनी रही।अंत में कार्यक्रम का समापन समाज में एकता, भाईचारे और शिक्षा को बढ़ावा देने के संदेश के साथ किया गया। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जागरूक और संगठित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

चांदपुर में बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा,जय भीम के नारों से गूंजा नगर

दैनिक बुलंद मंजिल
यासिर शम्सी।



बिजनौर /चांदपुर। डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा ने पूरे नगर को अंबेडकरमय बना दिया।जय भीमह्वऔर ह्यबाबा साहेब अमर रहेंह्वके नारों से वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्व दलित परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं पूर्व बसपा मंडल महासचिव चरन सिंह सागर ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार,महामंत्री संजय सिंह और संरक्षक महेंद्र कुमार,नेताजीह्व ने अतिथियों का स्वागत किया।यात्रा में पांच आकर्षक झांकियां, तीन बैंड और डीजे की धुनों ने लोगों का मन मोह लिया।बाबा साहेब और भगवान बुद्ध की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।मोहल्ला सराय रफी से शुरू होकर यात्रा धनौरा रोड स्थित अंबेडकर प्रतिमा तक पहुंची,जहां माल्यार्पण किया गया।इसके बाद फव्वारा चौक और नेहरू चौक पर पगड़ी बांधकर सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम के दौरान पत्रकार इमरान अंसारी,अतीक अहमद,जितेंद्र उर्फ जीतू,अजमल अंसारी, इरफान अंसारी और शाहरुख इदरीसी सहित कई लोगों को बाबा साहेब का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।शोभायात्रा मंडी बाजार,बजरिया होते हुए पतियापाड़ा स्थित अंबेडकर धर्मशाला पर संपन्न हुई। इस दौरान समाजसेवी गोविंद मित्तल,पूर्व चेयरमैन अरविंद कुमार,पप्पू मित्तल,चौधरी पंकज सिंह,शेरबाज पठान और डॉ.शकील अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।पूरे कार्यक्रम में जब तक सूरज चांद रहेगा,बाबा तेरा नाम रहेगाह्वके नारों ने माहौल को उत्साह से भर दिया।

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि





दैनिक बुलंद मंज़िल
मौहम्मद फैजान

बिजनौर। जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में एक गरिमामयी श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने संघर्ष, त्याग और दूरदर्शिता से देश को एक सशक्त संविधान प्रदान किया तथा समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बाबा साहब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे को मजबूत करना आज की आवश्यकता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और समावेशी भारत का निर्माण संभव है। सभा के उपरांत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कांग्रेसजन विकास भवन तक मार्च करते हुए पहुंचे, जहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला, शहर, नगर एवं ब्लॉक स्तर के कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बालाजी महेंदीपुर में तीन दिवसीय बालाजी यात्रा संपन्न, के बाद निकाली भव्य शोभा

दैनिक बुलंद मंजिल
हरीश कुमार

ठाकुरद्वारा । श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मार्थ ट्रस्ट, रामपुर बलभद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बालाजी यात्रा के अंतिम दिन को जिला मुरादाबाद के ग्राम पंचायत मेहंदीपुर बालाजी स्थित रानी झांसी धर्मशाला में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने संकट मोचन आहुतियां देकर घर-परिवार की सुख-शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर ट्रस्ट की प्रमुख सेविका प्रिया यादव के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के साथ मेहंदीपुर बालाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धर्मशाला से शुरू हुई इस शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने महंत प्रिया यादव का फूल-मालाओं से स्वागत किया और तिलक लगाकर सम्मानित किया। ढोल की थाप और भगवान बालाजी के भजनों पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे। भगवान के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यात्रा धर्मशाला से श्री बालाजी मंदिर तक निकाली गई। यज्ञ एवं शोभायात्रा का आयोजन श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मार्थ ट्रस्ट की प्रमुख सेविका प्रिया यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर जसपुर के महंत राजीव कुमार राणा, कार्तिक यादव, जसपुर की महंत अनीता राणा, ट्रस्ट की अध्यक्ष ज्ञान सती देवी, रिंकी चौधरी, रेनू चौधरी, अंजली कुमारी, मान्या चौधरी, अंकुल कुमार, विपिन प्रजापति, सोमपाल सिंह, राहुल कुमार, प्रवीण कुमार, शिवम कुमार, अक्षित कुमार, प्रिंस कुमार , शानू कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दैनिक बुलन्द मंज़िल
संभल/चंदौसी
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

अम्बेडकरवाद और समाजवाद एक दूसरे के पूरक : विमलेश कुमारी

अंबेडकर जयंती पर किए दर्जनभर स्थानों पर जन्मोत्सव कार्यक्रम

बहुजन (PDA) से किया एकजुटता का आह्वान

दैनिक बुलंद मंज़िल

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर समाजवादी पार्टी की कद्दावर नेता और चंदौसी विधानसभा की उपविजेता विमलेश कुमारी ने क्षेत्र में अपनी सक्रियता से नई ऊर्जा भर दी। उन्होंने विधानसभा के दर्जनों गांवों और नगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर बाबा साहेब को नमन किया और जनसभाओं के माध्यम से PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की मजबूती पर जोर दिया। नगर के संभल गेट पर सपा नेत्री विमलेश कुमारी ने स्थानीय नागरिकों और कार्यकताओं के साथ मिलकर केक काटकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसके पश्चात वह नगर के ही आंबेडकर मूर्ति मालगोदाम पर पहुंचीं, जहाँ उन्होंने 'भीम भंडारे' का फीता काटकर शुभारंभ किया।







इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और 'जय भीम-जय भीम' के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।

सपा नेत्री विमलेश कुमारी ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम देवरखेड़ा से बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर की।

इसके बाद वह ग्राम मौलागढ़ स्थित अंबेडकर पार्क पहुँचीं, जहाँ सपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

ग्राम कासमपुर जगरूप में उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा के सम्मुख शीश नवाया और फीता काटकर जयंती समारोह व शोभायात्रा का विधिवत उद्घाटन किया। यहाँ उन्होंने नीला झंडा दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। इसी क्रम में सपा नेत्री ने ग्राम कादरपुर कुकेटा और जयरोई हयातनगर में भी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने बहजोई मार्ग स्थित भरतरा चुंगी पर सपा जिला संगठन द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में शिरकत की। विधानसभा के गांव कैथल और जारई में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद विमलेश कुमारी नगर के मोहल्ला चुन्नी पहुँचीं और अंबेडकर पार्क में भगवान बुद्ध व डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। नगर चंदौसी में 'डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति' के तत्वावधान में निकली विशाल शोभायात्रा में सम्मिलित होते हुए उन्होंने मालगोदाम रोड स्थित अंबेडकर पार्क में जनसभा को संबोधित किया। विमलेश कुमारी ने कहा, "आज संविधान पर जो खतरा मंडरा रहा है, उससे लड़ने के लिए हमें समाजवादी पार्टी और ढऊअ के हाथों को मजबूत करना होगा।" उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की नीतियों के साथ एकजुट होकर जीत दर्ज करने का आह्वान किया।

सौंधन में बड़े धूम धाम से मनाई संविधान निमार्ता की जयंती





भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल

सौंधन/संभल तहसील क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर की मिलक व सौंधन मोहम्मदपुर में बड़े धूम धाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती सर्व प्रथम अंबेडकर पार्क में सर्व समाज के लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया ' सौंधन मोहम्मदपुर मैन चौराहे के पास अंबेडकर पार्क में कैक काट कर बाबा भीमराव अंबेडकर जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर जी के जीवन आदर्शो पर प्रकाश डाला गया ' बाबा साहब ने सर्वसमाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी को सम्मान और न्याय दिलाने का कार्य किया गया ' इस अवसर पर गांव में बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में सौंधन की मिलक प्रभात फेरी निकाली गई जय भीम के नारों के साथ डीजे पर थिरकते हुए आगे बढ़ते रहे बाबा साहब की प्रभात फेरी गांव के अंबेडकर पार्क से प्रारंभ हुई और गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए अंबेडकर पार्क में समापन किया गया ' इस दौरान ग्राम प्रधान पति अरविंद यादव ब्लॉक प्रमुख पति हृदेश यादव पूर्व प्रधान तुलाराम सिंह यादव पूर्व प्रधान जीतपाल कपिल यादव प्रधान पति अमावती जुगलकिशोर यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष जिलापंचायत सदस्य विरलेश यादव,पान सिंह यादव,रवि सागर,सुग्रीब सागर ?जमुना सिंह यादव,राजेश सागर,रामपाल सिंह, कैलाश सागर ?गजेंद्र सागर,छत्रपाल सागर,मित्तल



सागर, चुनमुन राव,शिव जितेंद्र सागर, रामकिशन,तुलाराम सिंह सागर, अरविंद सागर आदि मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा मिशन शक्ति प्रभारी आंचल सिद्धू सौंधन चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

बाबा भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन दिवस बड़े धूम धाम से मनाया

देश में बाबा साहब का संविधान है तो हम है : फिरोज खां

भूरे सिंह यादव/ बुलंद मंज़िल

संभल/सौंधन समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के द्वारा आज अपने कार्यालय व अम्बेडकर पार्क पक्का बाग बहजोई रोड पर बाबा साहब के चित्र पर व उनकी प्रतिमा पर मालार्पण कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन धूमधाम से पीडीए दिवस के रूप में मनाया गया संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन पूरे देश मे समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पीडीए दिवस के रूप में मना रहे है इस अवसर पर फिरोज





खाँ ने कहा कि आज कुछ पार्टियां जो सत्ता में बैठी है वो बाबा साहब के बनाए हुए संविधान को खत्म करना चाहती है देश में गरीबों मजदूरों दलितों अल्पसंख्यकों पिछड़ों व कमजोर वर्ग के अधिकारों को समाप्त करके देश को अलग दिशा में ले जाना चाहती है परन्तु ऐसा नही होगा समाजवादी पार्टी इसका विरोध सड़क से सांसद तक करती रहेगी और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के बनायें हुए संविधान पर चलते रहेंगे पीडीए दिवस पर संकल्प लिया व संविधान की शपथ ली गई के हम देश को बांटने नही देंगे हर वर्ग हर समाज की लड़ाई लड़ेंगे सबको साथ लेकर चलेंगे सपा कार्यकताओं ने संकल्प लिया सब लोग एक जुट होगर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत कर उत्तर प्रदेश में पीडीए की सरकार बनेंगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे इस अवसर पर:रामरहीम यादव,सद अदील,अजय सागर, गौरव यादव,जबर सिंह यादव, इमरान खाँ,सुरेंद्र सागर,मुस्तकीम, जाहिद खाँ,आरिफ खाँ,जुल्फिकार, जीतम जाटव,मेराज शहरोज,बाबू बिलाल,मोहम्मद शान,सालिम, राजेश यादव,वीरेश यादव,देवेन्द्र, वसीम,शाईन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा

भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल

सम्भल/गुन्नौर तहसील क्षेत्र में 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 135 वॉ जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बबराला गवॉ गुन्नौर में शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाबा साहब जयंती बड़े धूम धाम से मनाई गई।

गवॉ क्षेत्र ग्राम हरदासपुर में सिद्धार्थ चौक से डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा सिद्धार्थ चौक से शुरू हो कर केसरपुर, होती हुई गवॉ बबराला बस स्टैंड, सम्भल चौराहा, डॉ भीम राव अम्बेडकर पार्क में डॉ





भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूल माला पहनाई आयोजकों ने फिर होली चौक, सब्जी मंडी, नगर पंचायत कार्यालय, हरि बाबा इंटर कालेज, नकाशा बाजार,ग्राम मोलनपुर होती हुई पुनः सिद्धार्थ चौक पर पहुँच कर सभा में परिवर्तित हो गई।

शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में मनमोहक लगभग 60 झाकियां बैण्ड बाजा, डी जे सहित शामिल रहे। सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज कुमार, सहित थाना रजपुरा पुलिस फोर्स मौजूद रहा। शोभायात्रा के आगे आगे आयोजक चल रहे थे। शोभायात्रा में मुस्लिमों समुदाय के लोग भी मौजूद रहे।शोभायात्रा का लोगों ने जगह जगह स्टाल लगाकर जलपान, समोसे, फल वितरण कर स्वागत किया। इस अवसर पर शोभायात्रा में मा. राजकुमार सिद्धार्थ, हरिश पाल सिंह प्रधानाचार्य हरि बाबा जनता इंटर कालेज, अजय कुमार भारती, यादराम जाटव, मुस्तकीम सलमानी, मुकीम मलिक पूर्व प्रधान, विटटू कश्यप जिला पंचायत सदस्य सिरसा भिरावटी, गुडडू सैफी, एडवोकेट संजय गौतम, गिरेन्दर कुमार गौतम, बेताब सलमानी, दंगल सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार, ब स पा,अलीजान कस्सार, राजा खान, भगवान दास दीवाकर चैयरमेन पति, संतोष गोस्वामी आदि मौजूद रहे

भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

सांसद आदित्य यादव ने श्रमिक मुद्दों पर सरकार को घेरा

बुलंद मंज़िल

गुन्नौर /बबराला डॉ. आम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में मंगलवार को नगर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ आंबेडकर पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में आंबेडकर अनुयायी, महिलाएं और युवा शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच लोग नाचते-झूमते आगे बढ़ते रहे। नगर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा में सम्राट अशोक, ज्योतिबा फुले, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, महर्षि वाल्मीकि और गौतम बुद्ध सहित कई महान विभूतियों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इसके अलावा ब्रह्मोस मिसाइल और नए संसद भवन की झांकी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा इंदिरा चौक, मुख्य बाजार रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन मार्ग, पुराना रामलीला मैदान और सराफा बाजार से होकर गुजरी। जगह-जगह समाजसेवियों ने शर्बत व ठंडे पानी के स्टॉल लगाकर सेवा की।

अलीगढ़ के मीरी पीरी खालसा ग्रुप के निहंगों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, जबकि कुछ युवाओं ने खतरनाक बाइक स्टंट कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा और थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी शोभायात्रा के साथ मौजूद रहे। देर शाम कार्यक्रम का समापन लौट कर



आंबेडकर पार्क पर हुआ।

इस दौरान समिति अध्यक्ष लोकेश कुमार एडवोकेट, हरपाल सिंह, गौरव कुमार, दिलीप कुमार एडवोकेट, सोरन सिंह, सुनील बाबू, प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह, मूर्तिकार सुरेंद्र कुमार, कार्तिक गोयल, अरुणकांत, गर्वित गोयल, रोहताश गौतम, रजनी, विद्यावती, अर्चना सागर, कन्यावती, रेनू सहित तमाम लोग मौजूद रहे। शाम को सांसद आदित्य यादव बबराला आंबेडकर पार्क पहुंचे और बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान पहुंचे आदित्य यादव ने पत्रकारों से बातचीत में नोएडा में चल रहे श्रमिक आंदोलन को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने इसे प्रशासनिक और इंटेलिजेंस की विफलता बताते हुए कहा कि वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी के कारण श्रमिकों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

सांसद ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतें आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया किऊ मात्र 10 हजार रुपये मासिक आय में कोई परिवार कैसे गुजारा कर सकता है।

उन्होंने सरकार से अपील की कि श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी मांगों को जल्द पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर श्रमिकों को भड़काने के आरोपों को निराधार बताया और कहा कि यह आंदोलन स्वतः स्फूर्त है, जिसे ह्यइंटेलिजेंस फेलियरह्ण के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

सपा नेताओं के संभल के पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई की शादी कार्यक्रम में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है और अब इस पर कुछ कहने की जरूरत नहीं। डॉ अनिल ने कहा की बाबा साहब के दिए हुए संविधान के आधार पर आज गरीब दलित पीड़िता को न्याय मिलता है यह सब बाबा भीमराव अंबेडकर की देन है मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं इधर जनपद के विभिन्न स्थानो-(रजावली - करकोरा गवां -केसरपुर सिरसा अंबेडकर पार्कों में धूमधाम से अंबेडकर की जयंती को मनाया इस मौके पर पूर्व प्रधान राजपाल सिंह,डॉक्टर अनिल कुमार,मोनू ,सुनील कुमार,मास्टर प्रेम शंकर अनेको संविधान से प्रेम रखने वाले लोग मौजूद रहे

स्नान करते समय गंगा में डूबा युवक

पानी की तेज लहरें अपने साथ बहा कर लें गयीं

दैनिक बुलंद मंज़िल

जुनावई थाना क्षेत्र के असदपुर गंगा घाट से कुछ दूरी पर दिल्ली पुर गांव की सरहद में बालू खनन का पट्टा है जहां पर बालू खनन के लिए रास्ता का निर्माण कार्य चल रहा है इस बालू ठेके पर मुंशी के पद पर कार्य कर रहे जनपद फरुर्खाबाद के मोमुदाबाद थाना क्षेत्र के दुगूर्पुर गांव निवासी प्रबल चौहान पुत्र नीरज चौहान मंगलवार को गंगा स्नान कर रहा था गंगा स्नान करते समय वह गहरे पानी में चला गया और गंगा जी की तेज धार में बह गया मौके पर मौजूद अशोक ने बताया कि वह गंगा स्नान कर रहा था और अचानक वह तेज धार में बह गया बचाने





का काफी प्रयास किया लेकिन गंगा की तेज धार बहाने के कारण वह जल में बह गया सूचना पाते ही थाना पुलिस और डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई इसके साथ ही स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम भी तलाश में जुट गई लेकिन देर शाम तक डूबे हुए युवक का पता नहीं चल पाया सूचना पाते ही डूबे हुए युवक प्रबल चौहान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए लेकिन रात के अंधेरा होने के कारण तलाश में जुटी टीम बाहर निकल आई है वही नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी दें वही मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि प्रबल चौहान काफी दिनों से बालू ठेका साइट पर कार्य करता था उसके पिता भी नीरज चौहान दूसरी साइट पर कार्य करते हैं प्रबल चौहान की गंगा में डूबने से परिवार में कोहराम मच गया है वहीं काफी दिनों से बालू ठेका पर रास्ते का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन गंगा में अधिक जल बढ़ाने के कारण कई बार रास्ता निर्माण जल की तेज धार से बह गया है आज मंगलवार के दिन बालू ठेका के मुंशी के गंगा में डूबने से सभी बालू ठेकेदार सदमे में दिखाई दे रहे हैं क्योंकि उनकी एक परिवार का सदस्य गंगा में डूब कर लापता हो गया ।

किसान की 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

दैनिक बुलंद मंज़िल

जुनावई थाना क्षेत्र के एक गांव में किसान की 5 बीघा गेहूं की फसल एक्ट रीत पड़ी हुई थी जिसमें अचानक आग लगने से 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई आसपास खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीणों ने अपने निजी साधनों से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पूरी गेहूं की पांच बीघा





फसल जलकर राख हो चुकी थी थाना क्षेत्र की सराय ब्राह्मण गांव निवासी रूप किशोर की पांच बीघा गेहूं की फसल खेत में एकत्र पड़ी हुई थी जिसमें मंगलवार शाम के समय अचानक आग लग गई और ऊंची ऊंची आग की लपटे उठने लगी आसपास खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपने निजी साधनों से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक किसान की 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई पांचवी का गेहूं की फसल नष्ट होने से किसान का भारी नुकसान हुआ है वही आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
रामपुर
संभल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

ऐतिहासिक मंगला माता मंदिर वजीरगंज पर आस्था पर अव्यवस्थाए भारी

2 अप्रैल को सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने किया था उदघाटन

दैनिक बुलंद मंजिल

वजीरगंज । आवला वजीरगंज रोड स्थित ऐतिहासिक प्राचीन सिद्ध पीठ श्री राजेश्वरी मगला माता मंदिर पर हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा से 15 दिवसीय मेला लगता है जो इस वार 2 अप्रैल से शुरू हो गया है मेले मे मनमोहक झाकिया खेल खिलौने काला जादू मीना बाजार सर्कस झूले काठ वाजार चाट पकौडी की दुकाने मेले की खूवसूरती का हिस्सा रहती है मेले मे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कोतवाली बनायी गयी है इस वार नगर पंचायत की अनदेखी खाना पूर्ति के कारण मेले मे अव्यवस्थाए हावी है जो चिंता का विषय है इतिहासकार मानते है कि यह सिद्ध पीठ द्वापर युग से ही पहले का है इसके सम्बंध मे माता की महिमा का वखान करते हुए अनेक के किंवदंतिमा प्रचलित है नगर से आवला की ओर लगभग 1 कि मी दूर एक टीले पर माता का विशाल भव्य मंदिर स्थित है यह टीला एवम



माता का दरवार मुख्य सडक से लगभग 200 मीटर दूर है तथा अभिलेखो मे गैर आवाद मई भवानीगंज के रकवे मे दर्ज है मंदिर प्रवेश के लिए चार द्वार बने है प्राचीन ब्रह्मदेव अर्थात पीपल का वृक्ष भी मंदिर के इतिहास का साक्षी है मंदिर परिसर के मध्य स्थित माता का मंदिर पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न मूर्ति के रूप मे साक्षात महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती के रूप मे विराजमान है मेला नगर पंचायत वजीरगंज की देख रेख मे लगता है सभासदो मे से हर वर्ष मेला अध्यक्ष को चुना जाता है इस वार सावित्री देवी को अध्यक्ष बनाया गया है जो मेले की व्यवस्थाओ को बनाने मे नजर नही आयी है सूत्रो के अनुसार लाखो रुपए का ठेका होता है चंदा वसूला जाता है वो पैसा आखिर कहा जाता है जवकि जो भी मेले से पैसा आये वो मंदिर के सौन्दर्यकरण तथा हर साल लगने वाले मेले की व्यवस्थाओ मे लगना चाहिए मंगला माता मंदिर पर विकास कार्य सौन्दर्यकरण सदर विधायक पूर्व मंत्री श्री महेश चन्द्र गुप्ता ने एक करोड की लागत से विश्राम गृह विशाल हाल थूकम्प रोधी 15 लाख की लागत से एक विशाल यज्ञ शाला 25 लाख रुपए की लागत से वडा यात्री कक्ष तथा 2 करोड की लागत से मेला मार्ग पर सी सी निर्माण तथा सडको का निर्माण कराया गया है फोन पर मेला अध्यक्ष सावित्री देवी के पति ने बताया कि मेले जो भी अव्यवस्थाए है वो नगर पंचायत की अनदेखी के कारण है मेला अध्यक्ष तो केवल नाम के है वही फोन पर नगर पंचायत अध्यक्ष के वेटे ने बताया कि मेले में जो थेटर लगते थे वो इस वार नही लगे है अगर कही सफाई या अन्य समस्या है वो ठीक कराई जाएगी तथा बताया जो मेले के ठेके से पैसा आता है वो नगरपंचायत के सरकारी कोष मे जमा हो जाता है मेला अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष दोनो महिला है लेकिन उनके परिवार प्रतिनिधि ही काम करते है कार्य कराते है नगर पंचायत की अनदेखी मेले के भविष्य पर भारी पड सकती है ।

तेईस अप्रैल से मनोना धाम पर देंगे श्याम भक्तो को आशीर्वाद

16 से 17 अप्रैल के आन लाइन टोकिन 23 अप्रैल से होगे मान्य

दैनिक बुलंद मंजिल /विनोद गुप्ता

रामपुर। भगवान कृष्ण के अवतार तीन वाण धारी हारे को दे सहारा कल युंग के भगवान प्रभु श्याम की कृपा का डंका विदेशो मे वाज रहा है जहा दूसरे समुदाय के श्याम भक्त प्रभू श्याम की कृपा और विश्व विख्यात जीवन धाम के महंत प्रभू श्याम के अन्न भक्त जिन्हो पूरा जीवन श्याम भक्तो की सेवा तथा श्याम भक्तो के कष्ट दूर करने मे जीवन वलिदान कर दिया है परिवार धन दौलत रिस्तेदार मित्र सव त्याग कर प्रभु श्याम की भक्ति मे लगा दिया और संयासी जीवन व्यतीत कर रहे है जो वावा श्याम की जन्म स्थली पर बने भव्य श्री श्याम मंदिर मनौना धाम के सेवक महंत के रूप मे श्याम भक्तो को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दे रहे है हिन्दू सनातन धर्म का विदेशो की धरती पर प्रचार कर रहे है विश्व विख्यात मनौना धाम के महंत श्री ओमेन्द्र महाराज 7 दिवसीय विदेश धार्मिक यात्रा पर तंजानिया अफ्रीका मे है जहा वो वावा श्याम का दरवार लगाकर भक्तो को आशीर्वाद दे रहे है तथा वहा मौजूद हिन्दू मंदिरों मे पूजा अर्चना कर सनातन धर्म का प्रचार कर रहे है तथा





लोगो मे वावा श्याम के प्रति आस्था जगा रहे है चूकि महंत जी महाराज का 15 अप्रैल को भारत वापसी का कार्यक्रम है तथा धाम पर 16 अप्रैल तक पहुंचने का कार्यक्रम था उसके वाद 19 अप्रैल को मुम्बई मे वावा श्याम दरवार का भव्य कार्यक्रम है इसलिए महंत जी महाराज 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक अव मुम्बई मे प्रवास करेंगे तथा 19 तथा 20 अपैल का कार्यक्रम सम्पन्न कराके धाम वापस आयेगे तथा 21 अप्रैल का मंगलवार तथा 22 अप्रैल का वुद्धवार होने के कारण 23 अप्रैल गुरुवार से यथा समय अपने आसन पर वैठेंगे तथा श्याम भक्तो को आशीर्वाद देंगे मरीजो को श्याम जल अभिमंत्रित करेगे । वहीं अपने रामपुर मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता को जानकारी देते हुए मनौना धाम व्यवस्थापक एड श्यामेन्द्र चौहान ने बताया कि जिन श्याम भक्तो ने 16 तथा 17 अप्रैल के अपने मरीज महंत जी महाराज से दिखाने के लिए आन लाइन टोकिन काट लिए है वो 23 अप्रैल से धाम पर आ सकते है तथा कटा हुआ आनलाइन टोकिन एक सप्ताह तक मान्य होगा जिससे आप अपने मरीज को महंत जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करा सकते है

शाहबाद में भारत रत्न बाबा साहेब की 135 वीं जयंती पर हुआ भव्य आयोजन, जीवन पर डाला प्रकाश

भारत का चौथा स्तंभ पत्रकारों को किया सम्मानित

दैनिक बुलंद मंजिल

शाहाबाद रामपुर । मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के स्थानीय कार्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और "जय भीम" के गगनभेदी नारों से पूरा कार्यालय परिसर गूंज उठा।श्रद्धांजलि और माल्यार्पण कार्यक्रम की शुरूआत नगर अध्यक्ष शाहरुख रजा, वार्ड 26 से संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य प्रतिभा सिंह, भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवओम सागर और जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सागर सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकताओं ने बाबा साहब





के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर की।अपने संबोधन में नगर अध्यक्ष शाहरुख रजा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब ने देश के लिए संविधान लिखा और हमें हमारे अधिकारों से अवगत कराया। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए।भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवओम सागर ने बाबा साहब के जीवन और संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं प्रतिभा सिंह ने भारत के इतिहास में बाबा साहब के अतुलनीय योगदान की सराहना करते हुए सभी को 135वीं जयंती की हार्दिक बधाई दी। इस विशेष अवसर पर नगर अध्यक्ष शाहरुख रजा ने उपस्थित पत्रकारों को पेन व डायरी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में देर से पहुंचे भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सागर का पगड़ी बांधकर और डायरी-पेन देकर विशेष स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान शावेज मियां को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई और उन्हें नगर सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि नदीम रजा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।कार्यक्रम में भीम आर्मी के धर्मेंद्र सागर, सुवीर आजाद, खालिद प्रधान, आले हसन इमरान, बबलू सागर, शोएब खान, अमर, मुजीब, बिलाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिव्यानगला गाँव में नोकझोंक के बाद निकली अंबेडकर शोभायात्रा, प्रशासन और ग्रामीणों में बनी सहमति

दैनिक बुलंद मंजिल

सैफनी। थाना क्षेत्र के दिव्यागला गांव में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर भारी हंगामा हुआ। पुलिस द्वारा अंतिम समय में अनुमति वापस लेने से गुस्साए ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि,अधिकारियों की सूझबूझ और लंबी वार्ता के बाद शाम को सहमति बनी और कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने शोभायात्रा के लिए पहले ही प्रशासनिक अनुमति ले ली थी। 9 अप्रैल को सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद प्रशासन ने अनुमति पत्र जारी भी कर दिया था। लेकिन, अचानक दो दिन बाद पुलिस ने किन्हीं





कारणों का हवाला देते हुए अनुमति पत्र वापस ले लिया। प्रशासन के इस रुख से आंबेडकर समिति और दलित समाज के लोगों में गहरा रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने सुबह से ही अम्बेडकर प्रतिमा पर मल्यार्पण न करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और प्रदर्शन करते हुए अपनी तैयारियां जारी रखीं सूचना पाकर पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर जुलूस निकालने पर रोक लगाई, तो ग्रामीण भड़क उठे। देखते ही देखते गांव के स्थानीय अम्बेडकर पार्क पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख इलाके में तनाव फैल गया और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम शाहबाद आशुतोष कुमार और सीओ शाहबाद देवकीनंदन भारी पुलिस बल के साथ दिव्यागला पहुंचे। कई घंटों तक समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ मान-मनौव्वल का दौर चला।अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला दिया, जबकि ग्रामीण अपनी आस्था और पूर्व अनुमति पर अड़े रहे। देर शाम ग्रामीण और प्रशासन के बीच मौखिक सहमति बनी। इसके बाद प्रशासन की निगरानी में शोभायात्रा निकाली गई।पूरे जुलूस के दौरान पुलिस बल साथ रहा। अंत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

विद्युत तार गिरने से किसान की गेहूं के फसल में लगी आग, नुकसान



दैनिक बुलंद मंजिल

रामपुर । शाहबाद थाना क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव में किसान विनोद यादव के खेत में बिजली का तार गिरने से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई गनीमत रही के आसपास खेतों में गेहूं काट रहे लोगों ने जल्दी भाग कर आग को बुझाने का प्रयास किया नहीं तो आसपास में खड़े गेहूं के खेतों में भी आग लग सकती थी जिससे भारी नुकसान होने की संभावना थी लेकिन तब तक विनोद यादव की तीन बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई विनोद यादव से बातचीत में उन्होंने बताया की प्रशासन को सूचना दे दी गई है लेकिन अभी तक कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके का मुआयना करने नहीं आया है विनोद यादव ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

पटवाई में निकाली बी आर अंबेडकर की शोभा यात्रा





दैनिक बुलंद मंजिल

पटवाई । कस्बा में मंगलवार को भारत रत्न संविधान निमार्ता बी आर अंबेडकर की 135वी जयंती के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली। यात्रा रामपुर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय शुरू होकर मुख्य चौराहे व कस्बा के अनेक रास्ते से होकर निकली यात्रा का समापन कस्बा स्थित अंबेडकर की मूर्ति पर लोगों द्वारा माला व फूल अर्पण किया गया यात्रा में प्रशासन वल मौजूद रहा । यात्रा में बच्चों व बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया यात्रा में नन्हे मुन्ने बच्चों में अंबेडकर व भगवान गौतम बुद्ध स्वरूप बनकर लोगों का मन मोह लिया। और लोगों ने डीजे की धुन पर जय भीम के गीतों पर नाचते गाते हुए बी आर अंबेडकर के जयकारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र सिंह, भारत सिंह यादव, राजीव सागर, राकेश सागर, गौतम सिंह, कमल सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

रामपुर पुलिस को गश्त के दौरान मिली रोती हुई मासूम बच्ची

सकुशल परिजनों से मिलाया, मिशन शक्ति के तहत तत्पर कार्यवाही परिजनों ने बोला धन्यवाद पुलिस

दैनिक बुलंद मंजिल

रामपुर। मंगलवार को थाना कोतवाली, रामपुर पुलिस द्वारा नियमित गश्त के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत सेवा हॉस्पिटल के निकट बापू माल के पास एक छोटी बच्ची रोती हुई अवस्था में मिली । पुलिस टीम द्वारा तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए आसपास के लोगों से बच्ची के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किन्तु प्रारम्भिक स्तर पर कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी । उक्त बच्ची को सुरक्षित रूप से मिशन शक्ति केन्द्र, थाना कोतवाली लाया गया, जहाँ मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं तथा



उसका समुचित ध्यान रखा गया ।मिशन शक्ति केन्द्र, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बच्ची की पहचान हेतु उसके फोटो के माध्यम से निरंतर प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरूप बच्ची के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया । तत्पश्चात नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया । अपनी बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों द्वारा रामपुर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई । इसके अतिरिक्त, मिशन शक्ति केन्द्र थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बच्ची के परिजनों को मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक भी किया गया ।

शाहबाद में भाजपाइयों ने बाबा साहेब की जयंती पर किया माल्यार्पण

दैनिक बुलंद मंजिल

शाहबाद रामपुर। शाहबाद भारतीय जनता पार्टी टीम ने भारत रत्न संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर कार्यक्रम संयोजक के रूप में राजू चंद्रवंशी का सानिध्य प्राप्त हुआ मुख्य रूप से नमित सभासाद अमित चंद्रवंशी ,पूर्व



सभासद गणेश बरनवाल,नगर अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा गंगाराम लोधी ,महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव ,प्रथमा बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक माधवराम , , नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सुमित भटनागर , अर्पित वशिष्ठ नमित सभासद नगर पंचायत शाहबाद आदि मौजूद रहे।

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बताया महत्व

दैनिक बुलंद मंजिल

सैफनी। मंगलवार को बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर नगर के विभिन्न समाजसेवियों व नेताओं ने बस स्टैण्ड स्थित बाबा भीमराव राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस दौरान नगर निवासी समाजसेवियों ने कहा कि बाबा साहब के पिता मुंबई शहर के एक ऐसे मकान में रहने गए जहां एक ही कमरे में पहले से बेहद गरीब लोग रहते थे इसलिए दोनों के एक साथ सोने की व्यवस्था नहीं थी तो बाबासाहेब अंबेडकर और





उनके पिता बारी-बारी से सोया करते थे जब उनके पिता सोते थे तो डॉ भीमराव अंबेडकर दीपक की हल्की सी रोशनी में पढ़ते थे। भीमराव अंबेडकर संस्कृत पढ़ने के इच्छुक थे, परंतु छुआछूत की प्रथा के अनुसार और निम्न जाति के होने के कारण वे संस्कृत नहीं पढ़ सकते थे। परंतु ऐसी विडंबना थी कि विदेशी लोग संस्कृत पढ़ सकते थे। भीम राव आंबेडकर जीवनी में अपमानजनक स्थितियों का सामना करते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर ने धैर्य और वीरता से अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की और इसके बाद कॉलेज की पढ़ाई।वहीं जेपी सिंह सागर ने कहा कि बाबा साहब हम सबके आदर्श और मार्गदर्शक हैं।उन्होंने तंगा-तरसी का दौर झेलकर, विसंगतियों का दंश झेलकर, सच्चे राष्ट्र-भाव का परिचय देकर, समता-मूलक समाज के स्वप्नदर्शी, समाज-सुधारक, महान अर्थशास्त्री इत्यादि के चरितार्थक बनकर कैसे पथप्रदर्शक बने और समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने में महती भूमिका निभाई।वहीं दूसरी और कासमनगला के भीमराव अंबेडकर पार्क में भी बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर ग्रामवासियों ने माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली।

CMYK

भारत रत्न बाबा साहेब की जयंती पर श्री डाल चन्द कॉलेज में हुए कार्यक्रम

दैनिक बुलंद मंजिल /विनोद गुप्ता





शाहबाद रामपुर। मंगलवार को श्री डालचन्द शर्मा इंटर कॉलेज, धुरियाई में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे डॉ. अम्बेडकर केवल एक महान व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत और सशक्त विचारधारा के प्रतीक हैं। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को एक नई दिशा प्रदान की विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता के. पी. सिंह चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा– जिनसे मिला भारत को एक नया विधान, जिन्होंने रचा देश का महान संविधान,वो हैं बाबा साहेब अम्बेडकर महान। उन्होंने आगे बताया कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए तीन मूल मंत्र– शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो– आज भी समाज को जागरूक और सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं। ये मंत्र हमें भेदभाव के विरुद्ध खड़े होने तथा अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करते हैं।कार्यक्रम के माध्यम से सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि हम बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए एक समावेशी, समतामूलक और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देंगे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, के. पी. सिंह चौहान, जहीन मियां, सुमित जी, नाजिम अली, विष्णु कुमार, हरपाल सिंह यादव, मुसगिरा, स्निग्धा शर्मा, सादिया, शाफिया, निशा, बुशरा, इल्मा, शाइस्ता, आयशा, आकाश शर्मा, अंशु शर्मा सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

दैनिक बुलंद मंज़िल
सलीम हैदर





बरुकी। डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती में अखाड़े झांकियां के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। प्रसाद वितरण के उपरांत डीजे अखाड़े और झांकियां के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ । शोभायात्रा परम्परागत मार्गो से होते हुए देर शाम रविदास मंदिर पहुंचकर संपन्न हो गई।शोभायात्रा के दौरान जय भीम,बाबा साहब अमर रहे और जय संविधान के नारे लगते रहे। जुलूस में वक्ताओं ने कहा,डॉक्टर अंबेडकर ने जीवनभर कमजोर असहाय मजदूरों किसानों छात्रों महिलाओं कर्मचारी वंचित पिछलडे वर्ग अल्पसंख्यकों और गरीबों को उनके अधिकार और न्याय दिलाने के लिए डॉक्टर अंबेडकर ने समाज के सभी वर्गों को सम्मान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने में डॉक्टर अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है शोभायात्रा में शामिल मंटू कुमार ईश्वर कुमार रवि करण अजीत टीनू पुष्कर कुमार पंकज कुमार धीरज कुमार आशू कुमार शामिल रहे। दृष्टि से इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौकी प्रभारी राहुल कुमार कांस्टेबल चौधरी नीटू कांस्टेबल रूप किशोर कांस्टेबल अभिषेक,पियूष कुमार मनोज कुमार अमित कुमार धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

ट्रैक्टर रोककर वृद्ध पर हमला,दो आरोपियों पर जानलेवा मारपीट का आरोप

दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।

कोतवाली देहात। ग्राम फरीदपुर निजाम उर्फ निजामपुर में एक वृद्ध व्यक्ति पर घात लगाकर हमला किए जाने का मामला सामने आया है।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित राजवीर सिंह (65) पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर निजाम के अनुसार, वह शाम करीब 4 बजे अपने घर से ट्रैक्टर लेकर जंगल की ओर जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह राजेन्द्र के घर के पास पहुंचे,पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही जयविन्द और प्रशांत (दोनों पुत्र विजयपाल) ने उनका ट्रैक्टर रुकवा लिया।इसके बाद दोनों आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया,जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने बताया कि घटना की पूरी वारदात पास ही स्थित सुमित के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है।

एड. प्रमित कुमार ओझा का ह्रर्दयगति रुकने से हुआ निधन

दैनिक बुलंद मंजिल



शाहबाद रामपुर। नगर के चर्चित एडवोकेट ड़ी के ओझा के बड़े पुत्र एडवोकेट प्रमित कुमार ओझा का ह्रर्दयगति रुकने से मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। जिसकी सूचना से शाहबाद तहसील के अधिवक्ताओं एवं शुभचिंतकों में दुखी लहर दौड़ गई। बताया गया है कि बीते कुछ दिन पहले इनकी माता जी का देहांत इलाज के दौरान हुआ था।

बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मैनाठेर। थाना क्षेत्र में मंगलवार यानी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई! मैनाठेर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत महमदपुर माफी, और नरोदा, गुरेर, नूरपुर बस्तौर, इमरतपुर उधौ, मुधपूरी, जटपुरा, में हर साल की भाती इस बर्ष भी बाबा साहब एवं गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया! शुभारंभ अंबेडकर पार्क से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए अंबेडकर पार्क पर ही समाप्त हुआ कार्यक्रम में तरह-तरह की झांकियां ने भी मन मोह लिया! बाबा साहब अंबेडकर जी की जयंती पर एक भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई।इस शोभा यात्रा मे बैंड बाजे डीजे और ढोल नगाड़ों के साथ सभी बच्चे युवा ओर महिलाएं भी नाचती हुई नजर आई! सभी महिलाओं एवं युवाओं ने तरह-तरह की पंचशील ड्रेस एवं हाथ में झंडे लेकर जय भीम और बाबा साहब अमर रहे के नारा लगाते हुए नजर आए साथ ही समाज के वरिष्ठ कार्यकताओं ने संविधान के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए हुए समानता, न्याय और शिक्षा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और सिद्धांत हमें सदैव एक सशक्त,और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे। हम सभी उनके आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। इसके साथ ही शाम को बाबा साहब की प्रतिमा के आगे केक काटा गया ओर सभी को वितरित किया गया! शोभायात्रा में मैनाठेर थाना प्रभारी किरनपाल सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह और चौकी प्रभारी आकाश पाल सिंह और पुलिसकर्मियों का भी पूर्ण रूप से योगदान रहा, कार्यक्रम में सैकड़ो की तादाद में लोग झूमते हुए नजर आए! इसके कार्यक्रम के साथ ही भंडारे का भी अयोजन किया गया गांव के सभी लोगों ने भंडारे का भी आनंद लिया!

धूमधाम से मनाया गया अनुभव पाल का जन्मदिन, सोशल मीडिया पर उमड़ी बधाइयों की बौछार





दैनिक बुलंद मंज़िल
मुरादाबाद।

मुरादाबाद। शहर के दुर्गेश नगर, डबल फाटक निवासी अनुभव पाल का 26वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनुभव पाल, दैनिक बुलंद मंज़िल के डायरेक्टर भाग सिंह के बड़े बेटे हैं, जिनके जन्मदिन को लेकर परिवार और मित्रों में खास उत्साह देखने को मिला।

सुबह से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनुभव पाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के माध्यम से उन्हें ढेरों बधाइयां और उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं दीं।

घर पर आयोजित जन्मदिन समारोह में परिवार के सदस्य, करीबी रिश्तेदार और मित्रगण शामिल हुए। केक काटने के साथ ही जश्न की शुरूआत हुई, जहां सभी ने अनुभव पाल के स्वस्थ, सुखद और सफल जीवन की कामना की। इस मौके पर रंग-बिरंगी सजावट, स्वादिष्ट व्यंजनों और मधुर संगीत ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। परिवार के मुखिया भाग सिंह जी ने अपने बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के पारिवारिक आयोजन रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। जन्मदिन के इस खास अवसर पर अनुभव पाल ने सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिले प्यार और आशीर्वाद से वे अभिभूत हैं और आगे भी परिवार का नाम रोशन करने का प्रयास करते रहेंगे। समारोह का समापन हंसी-खुशी और यादगार पलों के साथ हुआ, जिसे सभी ने लंबे समय तक याद रखने की बात कही।

बाबा साहेब अंबेडकर की 132 में जयंती मनाई गई



दैनिक बुलंद मंज़िल / साकिब अली/ऐचौड़ा कम्बोह संभल

संभल के ग्राम पंचायत ततारपुर रोड मौसमपुर में भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 132 में जयंती के हषोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान निर्दोष चौधरी और राष्ट्रपति प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित जसराम सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान बाबासाहेब की प्रतिमा पर फुल मलाई अर्पित की गई उपस्थित लोगों ने उनके आदेश को नमन किया जयंती समारोह ने पवन कुमार गुड्डू भाई सहित ग्राम के सैकड़ो पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे भीम आर्मी के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित थे जसराम सिंह ने युवाओं के बाबासाहेब की शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो के नारे पर अमल करने के लिए प्रीत किया उन्होंने सभी से बाबासाहेब के आदेश पर चलने का आह्वान किया।

मीरजापुर में जिला एवं शहर कांग्रेस जनों ने अलग अलग मनाई बाबा साहेब जयंती

मीरजापुर । भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती धरना के दौरान जिला कचहरी जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ शिव कुमार सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई है। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि डा अम्बेडकर के बनाए गए संविधान भी खतरे में है। उसकी रक्षा करने की जरूरत है। जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने कहा कि बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर जयंती पर हम सब संकल्प लेते हैं कि यदि भारतीय संविधान को बदलने की साजिशों का हम मुंहतोड़ जवाब देंगे।कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पूर्व चेयरमैन दीप चन्द्र जैन पीसीसी सदस्य सुधाकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजधर दुबे गुलाल चन्द्र पाण्डे पीसीसी सदस्य रमेश चंद प्रजापति पप्पू कपिल कुमार सोनकर राम लखन मास्टर कन्हैया लाल पाठक कैलाश प्रजापति राजेंद्र विश्वकर्मा राकेश त्रिपाठी अर्चना चौबे हलिया ब्लाक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश मिश्रा मझवां विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जिला सचिव अनुज मिश्र, श्रीमती मधु सैलानी अंशु पांडे मुन्ना मिश्रा राम विष्णु शर्मा कमर नेता अमिताभ पाण्डेय शिबू विजय दुबे पहाड़ी गुलाब मिश्रा रोशन अंसारी तुलसी दास गुप्ता रामनिवास पुरी संतोष यादव विनोद कुमार विवेक सिंह कन्हैया लाल पाठक नेता सूरज सिंह दूर्गेश पांडेय रितेश मिश्रा राम लखन मास्टर बब्बू पाठक नरेंद्र ठाकुर अनुज मिश्रा राजू भारती संजय कुमार अशोक पटेल विनोद कुमार देवराज पटेल आदि ने बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उधर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा घूरहू पट्टी स्थित डा अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाया गया है। उक्त अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान अब सुरक्षित नहीं है। लोग शपथ संविधान का खाते और काम संविधान विरोधी करते हैं। इसलिए उसकी सुरक्षा करने की सभी को संकल्पित होना पड़ेगा। उक्त अवसर पर पीसीसी सदस्य अर्चना चौबे,शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त त्रिपाठी, सभासद मुकुंद सोनकर, राजेश दूबे, श्रीमती मधु सैलानी,जय कुमार श्रीवास्तव, अमिताभ पाण्डेय शिबू, सहित कई लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

अज्ञात व्यक्ति द्वारा जूपी ऐप के माध्यम से हुई साइबर फ्राड की घटना द्वारा पीड़िता के खाते में कराया गया वापस

मीरजापुर। साईबर फ्रांड मामले में दिनांकः16.06.2025 को आवेदिका रीना सिंह पुत्री अशोक सिंह निवासिनी मोहल्ला मीरसाहब की गली कदमतर थाना कोतवाली शहर जनपद मीरजापुर द्वारा जूपी ऐप के माध्यम से कुल ?3,29,950.00/- के फ्राड होने के सम्बन्ध में ठउफ्ढ पोर्टल पर शिकायत संख्या 23106250089091 दर्ज करायी गयी । इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर साइबर सेल टीम द्वारा जांच प्रारम्भ की गयी। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली शहर साइबर सेल टीम द्वारा जांच के दौरान धनराशि ?1,00,000/- को आवेदिका के खाते में वापस कराया गया। आवेदिका के खाते में पैसा वापस आने पर थाना स्थानीय पर उपस्थित होकर पुलिस उच्चाधिकारी व कोतवाली शहर साइबर सेल टीम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदिका को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी। थाना कोतवाली शहर साइबर सेल टीम उपनिरीक्षक दयाशंकर ओझा, थानाध्यक्ष कोतवाली शहर, मीरजापुर।महिला आरक्षी पारुल श्रीवास्तवा, थाना कोतवाली शहर, मीरजापुर।

प्रथम कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था : सुनील पाण्डेय

मीरजापुर । आम आदमी पार्टी मिजार्पुर के जिला कार्यालय पर संविधान निमार्ता भारत रत्न प्रथम कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए गए पदचिन्ह पर चलकर भारत के संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी के गठन का मूल उद्देश्य ही भारतीय संविधान की रक्षा और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए गए समता मूलक समाज की स्थापना करना है और हम पूरी मजबूती के साथ जातिवादी व्यवस्था समाप्त करके समाज में समतावादी व्यवस्था स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सत्ता के मद में चूर होकर सत्ताधारी राजनीतिक दल डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं जिसे आम आदमी पार्टी कदापि नहीं होने दीजिए

जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के मिजार्पुर के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बी सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने अपना संपूर्ण जीवन दलितों पिछड़ों महिलाओं और श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने के लिए समर्पित किया भारत जैसे बड़े राष्ट्र को संविधान देकर एक सूत्र में बांधने का कार्य हमारे संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया आज उनकी जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी मिजार्पुर में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके बताए हुए पदचिन्हों पर चलकर एक मजबूत अखंड राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लेती है जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमाशंकर साहू प्रदेश सचिव भोलानाथ बिहार जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ रमेश चंद्र गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद इलियास नगर उपाध्यक्ष संतोष कुमार विश्वकर्मा नगर उपाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा एडवोकेट नगर अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ संतोष कुमार पांडे जयप्रकाश सेठ रविंद्र कुमार श्रीवास्तव संतोष सोनी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

भारतीय संविधान के शंकराचार्य बाबा साहेब के संविधान का शपथ लेते हैं लेकिन विचार पर लोग नहीं चलते -भगवती प्रसाद चौधरी

मीरजापुर । भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती पर मीरजापुर के घूरहू पट्टी ड़गहर लालगंज तहसील क्षेत्र के मानिकपुर अम्बेडकर पार्क नेवढ़िया ग्राम पंचायत एवं हलिया ब्लाक के ददरी पट्टी लालगंज बाजार में अम्बेडकर झांकी रथयात्रा निकाली गई और बड़े धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया है। बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति एवं डा अम्बेडकर युवा विचार मंच द्वारा क्रमशः मानिकपुर नेवढ़िया एवं हलिया ब्लाक के ददरी पट्टी में बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई जिसमें छानबे विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष भगवती प्रसाद चौधरी ने सर्व प्रथम मानिकपुर उसके बाद नेवढ़िया एवं ददरी पट्टी में आयोजित समारोह में अलग अलग सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान की रचना करके गुलाम भारतवासियों को एक अधिकार दिया है जिसमें हर किसी को वह अधिकार मिला है कि वह उसके ही बदौलत आज कानून एवं सच्चे लोकतंत्र के प्रहरी बने हैं। भारतीय संविधान पक्षपात पूर्ण नहीं है उसने सबका साथ सबको अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि इसी समाज में ऐसे लोग भी हैं जो बाबा साहेब के संविधान का शपथ लेते हैं और काम शपथ के विपरीत करते हैं। उनसे संविधान को खतरा है इसलिए वह बाबा साहेब के बनाए गए संविधान को खत्म अथवा कमजोर करने का कुचक्र करते हैं। इसलिए हमें ऐसे लोगों को परखना चाहिए कि वह बाबा साहेब का संविधान खत्म करना चाहते हैं उन्हें कतई मांफ नहीं करना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि तुलसीदास जी रामचरित मानस एवं बाल्मीकि जी ने बाल्मीकि रामायण की रचना किया है तो उसके सुरक्षा के लिए बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की रचना किया है जिसके रक्षा करने के लिए बाबा साहेब का भारतीय संविधान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की रचना कर के बाबा साहेब ने हर भारतीय को अधिकार दिया है। इसलिए बाबा साहेब भारतीय संविधान के शंकराचार्य है।

उक्त अवसर पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इण्टक पूर्व राष्ट्रीय सचिव शशि भूषण दूबे कंचनीय (वरिष्ठ पत्रकार) डा लाल बहादुर सोनकर,डा शहाबुद्दीन, कांग्रेस नेता इश्तियाक अंसारी,डा दिनेश चौधरी, डा अरूण कुमार मौर्य बाबू लाल बेनबंशी राम करन भारती सुरेश कुमार भारती, लवकुश भारती, कपिल गौतम, ददरी पट्टी में गणेश देव त्रिपाठी, उमेश चन्द्र मिश्र, राहुल त्रिपाठी, डा उदय राज भारती,डा कमलेश कुमार भारती,राम प्रकाश, शारदा प्रसाद आदि उपस्थित रहे। मानिकपुर में समारोह का संचालन डॉ अरूण कुमार मौर्य, नेवढ़िया एवं ददरी पट्टी के समारोह का संचालन वरिष्ठ पत्रकार शशि भूषण दूबे कंचनीय द्वारा किया गया है। ददरी पट्टी कार्य क्रम आयोजन राम करन भारती एवं नेवढ़िया का आयोजन सुरेश कुमार भारती द्वारा किया गया है।